●वर्ष : 16 ●अंक : 292 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक

# लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 14 फरवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## सलमान के घर फायरिंग मामला

### आरोपी की पुलिस हिरासत में मौत पर फैसला एचसी ने सुरक्षित रखा

नूना न्यूज एजेंसी।

**बॉम्बे।** हाई कोर्ट ने रीता देवी की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनके बेटे अनुज थापन ने 1 मई, 2024 को मुंबई में एक अपराध शाखा कार्यालय के शौचालय के अंदर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। थापन को अपराध शाखा ने 14 अप्रैल, 2024 को अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग मामले में गिरफ्तार किया था, जब दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने मुंबई के बांद्रा में गोलीबारी की थी। शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल को गुजरात में गिरफ्तार किया गया था। थापन को मामले से जुड़े एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, उसकी मां रीता देवी ने 3 मई को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की, जिसमें बेईमानी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई थी।

हालांकि, पहले की सुनवाई के दौरान, मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद, पीठ ने पूछा, "निष्कर्षों से पता चलता है कि वह अकेले बाथरूम में गया, उस बाल्टी पर खड़ा हुआ और फिर उसने खुद को फांसी लगा ली। हमें कुछ व्यावहारिक स्पष्टीकरण बताएं। जब एक 18 वर्षीय लड़का मामले में मुख्य आरोपी भी नहीं है, तो कोई उसे क्यों मारना चाहेगा? थापन की मां का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील निशांत राणा और संदीप काटके ने बुधवार को पुष्टि की कि उन्हें मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट की प्रतियां और सीआईडी ??द्वारा सौंपी गई एक अंतरिम रिपोर्ट मिली है, जो मौत के लिए दर्ज की गई एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (एडीआर) की भी जांच कर रही है।

# मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

## बीरेन सिंह ने सीएम पद से दिया था इस्तीफा

नूना न्यूज एजेंसी।

**मणिपुर।** गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर राज्य में राष्ट्रपति शासन की घोषणा की है। अधिसूचना में कहा गया है कि मैं, भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू को मणिपुर राज्य के राज्यपाल से एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है और रिपोर्ट और मेरे द्वारा प्राप्त अन्य जानकारी पर विचार करने के बाद, मैं संतुष्ट हूं कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य की सरकार को भारत के संविधान (बाद में संविधान के रूप में संदर्भित) के प्रावधानों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है। पार्टी के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और विधायकों के बीच कई दौर की चर्चा के बावजूद भाजपा सीएम पद के लिए नए नेता का नाम बताने में विफल रही। पात्रा पिछले दो दिनों में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से दो बार मुलाकात कर चुके हैं। मंगलवार को पात्रा ने पार्टी की प्रदेश



अध्यक्ष ए.शारदा देवी के साथ भल्ला से बातचीत की और बुधवार को उन्होंने फिर से राज्यपाल से मुलाकात की। इस बीच, कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने पात्रा की राज्य यात्रा के उद्देश्य पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या उनका इरादा नेतृत्व संकट को हल करने का है। मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। सिंह को विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस से भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था, जिसने राज्य विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### आसान जिंदगी की चाह ने बेइज्जती से डिपोर्ट होने पर किया मजबूर

बहुत बे-आबरू हो कर तिरे कूचे से हम निकले...गालिब के इस शेर से उन डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दर्द समझा जा सकता है, जिन्हें अमरीका से भारत वापस भेजा गया है। अमेरिका से निर्वासित किए गए 100 से ज्यादा भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से वापस भारत भेजा गया है। इनमें 104 भारतीय शामिल हैं। जिसमें 72 पुरुष, 19 महिलाएं और 13 बच्चे हैं। अमरीका में करीब 18 हजार प्रवासी भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं। इन्हें भी वापस भारत भेजा जाएगा। डंकी मार कर अमरीका तक पहुंचे प्रवासी भारतीयों का काफी कुछ लुट गया। इनके लाखों रुपए बर्बाद हो गए और अमरीका बसने के सपने भी टूट गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध आप्रवासन का मुद्दा उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय आप्रवासियों को लेकर चिंता जताई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि बिना दस्तावेज के अमेरिका में रह रहे भारतीयों के संबंध में जो सही होगा भारत वो कदम उठाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत अवैध प्रवासन का समर्थन कतई नहीं करता। अवैध प्रवासन कई अवैध गतिविधियों से जुड़ा रहता है। ये हमारी प्रतिष्ठा के लिए ठीक नहीं है। जयशंकर ने कहा था कि अगर हमारा कोई नागरिक अमेरिका में अवैध रूप से रहता हुआ पाया जाता है और उसका भारत का नागरिक होना पाया जाता है तो हम उसके कानूनी रूप से भारत वापस लाने की प्रक्रिया के लिए तैयार हैं। बीते कुछ दिनों से अमेरिका दुनिया भर के देशों से आए और अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई कर रहा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सबसे कठोर आप्रवासन नीति के मास्टरमाइंड स्टीफन मिलर। ट्रंप ने अपना दूसरा कार्यकाल जिस दिन संभाला, उसी दिन उन्होंने जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए उन पर मिलर के हस्ताक्षर पहले से मौजूद थे।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

► मुख्यमंत्री दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में शामिल हुए

# हमारे निवेश के 3डी मॉडल को दुनियाभर के उद्योग जगत ने सराहा, एमपी में निवेश करें

## मुख्यमंत्री ने जीआईएस के लिए उद्योगपतियों को दिया आमंत्रण, वन-टू-वन और राउंड टेबल मीटिंग की

● भोपाल

**निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है मप्र की उद्योग एवं निवेश नीति**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, हमारे निवेश के 3डी मॉडल को आज दुनियाभर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है। हम निवेशकों के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाकर मध्य प्रदेश को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत रहेंगे। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मप्र आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा है।

हमने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है। एमपी में निवेश करें और अपने बिजनेस को नई ऊंचाइयां दें। सीएम बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्टेन रेजर केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर संभावनाओं से भरपूर, सशक्त और समृद्ध मध्य प्रदेश की एक झलक थी। मप्र में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं।



### 50 हजार करोड़ का निवेश करेगा अवाडा ग्रुप

कार्यक्रम में अवाडा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। उन्होंने कहा कि 2013 में अवाडा ने 150 मेगावाट का प्रोजेक्ट लगाया था। अब एमपी में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम की शुरुआत सीआईआई नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन माधवकृष्ण सिंघानिया के स्वागत संबोधन से हुई। सिंघानिया ने बताया कि 2016 में उन्होंने एमपी में निवेश की शुरुआत की थी और अब 3 हजार करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश की तैयारी है।

### 400 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोजन में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की, जिसमें दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के निवेशक शामिल हुए। साथ ही 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि, राजदूत, उच्चायुक्त, काउंसलर, मुख्य सचिव, आर्थिक व व्यापारिक विशेषज्ञ आदि शामिल हुए। आयोजन में 15 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों से वन- टू-वन मीटिंग की गई, जिसमें से जागृत कोटेचा (सीईओ, पेप्सिको भारत और दक्षिण एशिया), पुनित डालमिया (चेयरमैन, डालमिया भारत), माधवकृष्ण सिंघानिया (जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेके सीमेंट), विनीत मित्तल (चेयरमैन, अवाडा ग्रुप), जीन-मार्क लेक्लरक्यू (सीईओ, सॉफलेट माल्ट), रिकान्त पिट्टी (संस्थापक, ईज माय ट्रिप), विनय व्यास (सीईओ, फ्यूजन एक्स एनर्जी), अनिल चालमालासेटी (ग्रुप सीईओ और एमडी, ग्रीनको ग्रुप), विनीत आर्य (वाइस चेयरमैन, जेबीएम समूह), राहुल मित्तल (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आरआईटीईएस) और अनुसूया रे (वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट अफेयर्स, ऐबी-इनवेव इंडिया) शामिल थे।

## महाराष्ट्र: रायगड जिले में रिलायंस के संयंत्र में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत, छह घायल

**महाराष्ट्र।** के रायगड जिले में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के संयंत्र में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पातालगंगा लीनियर अल्काइल बेंजीन (एलएबी) संयंत्र में बुधवार शाम को आग लग गई। इस घटना पर कंपनी की प्रतिक्रिया का इंतजार है। अधिकारी ने कहा कि आरआईएल के पातालगंगा संयंत्र में रोटोस्टेट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के साथ काम कर रहे दिग्विजय कुमार रामबहादुर सिंह (36) की गंभीर रूप से झुलसने से मौत हो गई। सिंह बिहार के रहने वाले थे। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश व बिहार के रहने वाले मनोज कुमार, सनी कुमार सिंह (24), अरुण कुमार रामस्वरूप (30), बलराम (43), सर्वेश कुमार नंदलाल (27) और संजय उपरेदास (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें इलाज के लिए नवी मुंबई के नेशनल बर्न्स सेंटर ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के सही कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि आरआईएल के एक सुरक्षा अधिकारी की शिकायत के आधार पर रसायनी पुलिस थाने में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है तथा जांच जारी है।

# पत्नी नहीं लगा सकती अननेचुरल सेक्स का आरोप

## छग हाईकोर्ट ने कहा-पत्नी के साथ अननेचुरल सेक्स अपराध नहीं, सहमति नहीं फिर भी रेप का आरोप नहीं लगा सकती जब तक वह नाबालिग न हो

बिलासपुर/नूना न्यूज एजेंसी।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बुधवार को पति-पत्नी के संबंधों को लेकर अहम फैसला सुनाया। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने कहा कि अननेचुरल सेक्स करने पर भी पत्नी अपने पति पर रेप या अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप नहीं लगा सकती, जब तक वह नाबालिग न हो।

इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ रेप और अननेचुरल सेक्स के आरोपी पति को बरी करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि उसे तत्काल रिहा किया जाए। हालांकि पति पर आरोप लगाने वाली पत्नी की 2017 में मौत हो चुकी है। दरअसल, जगदलपुर के बोधघाट थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने 11 दिसंबर 2017 को अपने पति के खिलाफ अननेचुरल सेक्स का केस दर्ज कराया था। महिला ने बताया था कि उसके मर्जी के खिलाफ पति ने उससे अननेचुरल सेक्स किया है, जिससे वह बीमार पड़ गई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### अपराधी के तौर पर पुरुष का हुआ वर्गीकरण

जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने ऐसे मामलों में पत्नी की सहमति को कानूनी रूप से महत्वहीन बताया। हाईकोर्ट ने कहा कि धारा-375 के तहत अपराधी के तौर पर पुरुष को वर्गीकृत किया गया है। केस में आरोपी पति है और पीड़िता उसकी पत्नी थी। संबंध बनाने के लिए शरीर के उन्हीं हिस्सों का उपयोग किया गया, जो सामान्य हैं, इसलिए पति-पत्नी के बीच ऐसे संबंध को अपराध नहीं माना जा सकता।

## RBI जारी करेगा 50 के नए नोट

**नई दिल्ली,** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जल्द ही 50 रुपये के नए बैंक नोट जारी किए जाएंगे। इन नोटों पर आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे।

आरबीआई नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये के बैंक नोट जल्द ही जारी करेगा। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकान्त दास की जगह ली थी। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को बयान में कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) सीरीज के 50 रुपये के बैंक नोटों की तरह होगा।

## मोदी के विमान को उड़ाने की धमकी

दिल्ली/नूना न्यूज एजेंसी।

**धमकी देने वाला अरेस्ट, दिमागी रूप से कमजोर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर अटैक की धमकी मिली है। 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई जिसमें चेतावनी दी गई कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। मुंबई पुलिस ने इस बारे में सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया था। हालांकि, बुधवार को पुलिस ने चेंबूर इलाके से एक शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया- पकड़ा गया शख्स मानसिक रोगी है।

पिछले 4 महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी का यह दूसरा मामला है। इससे पहले नवंबर 2024 में मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया था।

मामले में पुलिस ने एक 34 साल की महिला को हिरासत में लिया था। पूछताछ में पता चला था कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। मोदी को 6 साल में तीन धमकियां मिलीं हैं। 2023 में हरियाणा के एक शख्स ने वीडियो वायरल करते हुए मोदी को गोली मारने की धमकी दी थी। वीडियो में युवक ने खुद को हरियाणा का बदमाश और गांव मोहाना, सोनीपत का रहने वाला बताया था।

## सिख दंगा के एक और केस में सज्जन दोषी



**नई दिल्ली,** सिख विरोधी दंगा के एक और केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। कोर्ट 18 फरवरी को सजा सुनाएगी। इस मामले में 41 साल बाद फैसला आया है। यह केस 1984 सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। दिल्ली दंगों में सज्जन के खिलाफ 3 से ज्यादा केस चल रहे हैं। एक में वे बरी हो चुके हैं। इससे पहले दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया था।

## राम मंदिर के मुख्य पुजारी दास का निधन



**अयोध्या,** अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे ल ख न ऊ पीजीआई में उन्होंने आखिरी सांस ली।

3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को गुरुवार,13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी।

**नया बिल** फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ घुसने पर होगी 7 साल सजा, इसके अलावा 10 लाख का जुर्माना

# भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर बनेंगे सख्त नियम

दिल्ली/नूना न्यूज एजेंसी।



भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर केंद्र सरकार सख्त कानून लाने जा रही है। अगर कोई विदेशी नागरिक वैध पासपोर्ट या वीजा के बिना भारत में प्रवेश करता है तो उसे पांच साल तक जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। अगर कोई विदेशी फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में प्रवेश करता है तो उसे यहां से निकाला जा सकता है। इसके अलावा 2 साल की जेल हो सकती है, जिसे 7 साल तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं, 1 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

इमिग्रेशन और फॉरेनर एक्ट, 2025 के तहत है, जिसे सरकार संसद के बजट सत्र में पेश करेगी। इसका मकसद इमिग्रेशन और फॉरेनर से संबंधित सब्जेक्ट पर बने चार अलग नियम को एक करना है। नए नियम लागू होने के बाद फॉरेनर्स एक्ट 1946, पासपोर्ट एक्ट 1920, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट 1939 और इमिग्रेशन (करियर लायबिलिटी एक्ट) 2000 में बदलाव कर एक व्यापक कानून बनाया जाएगा।

फिलहाल अवैध पासपोर्ट या वीजा के साथ यात्रा करने वाले विदेशियों को 5 साल की जेल और जुर्माना लगाया जाता है। फर्जी पासपोर्ट के साथ एंट्री करने वालों के लिए अधिकतम 8 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

### नए बिल में क्या रहेगा खास

- नए विधेयक में हायर एजुकेशन और यूनिवर्सिटी में एंट्री पाने वाले किसी भी फॉरेनर की जानकारी फॉरेनर रजिस्ट्रेशन अधिकारियों के साथ भी शेयर की जाएगी। यह नियम उन सभी हॉस्पिटल, नर्सिंग होम और अन्य मेडिकल इंस्टिट्यूशंस पर भी लागू होगा, जिनके यहां रहने की सुविधा है।
- विधेयक प्रस्ताव के मुताबिक अगर कोई फॉरेनर व्यक्ति निर्धारित वीजा की अवधि से अधिक समय तक यहां रहता है, वीजा नियमों का उल्लंघन करता है या किसी रिस्ट्रिक्टेड एरिया में जाता है तो उसे 3 साल की सजा, 3 लाख रुपए का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।
- अगर किसी फॉरेनर के पास वैध पासपोर्ट या वीजा नहीं मिलता है तो उसके लिए लाने वाले को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इमिग्रेशन अधिकारी उस फॉरेनर को लाने वाले पर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगा सकते हैं।

# मुंबई में हुई जीबी सिंड्रोम वायरस से पहली मौत

मुबंई/नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र में अब तक 8 की जान गई, 197 संदिग्ध मिले, 172 में इंफेक्शन की पुष्टि**

महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबी) का पहला मरीज 9 जनवरी को सामने आया था। 12 फरवरी तक यानि बीते 33 दिन 197 मरीज सामने आ चुके हैं। इसमें से 172 में सिंड्रोम की पुष्टि हो चुकी है।

बुधवार को मुंबई में इस सिंड्रोम से पहली मौत हुई। यहां 53 साल के व्यक्ति की जान चली गई है। राज्य में मरने वालों की संख्या 8 हो गई है। वर्तमान में 50 मरीज आईसीयू और 20 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। पुणे नगर निगम से 40 मरीज पाए गए हैं। पीएमसी से जुड़े गांवों से 92 मरीज हैं। 29 पिंपरी चिंचवाड़ और 28 पुणे ग्रामीण से हैं। 8 मरीज अन्य जिलों से हैं। 50 आईसीयू में और 20 वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। एक अधिकारी के मुताबिक जीबी सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले नांदेड़ के पास स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी से हैं। यहां पानी का सैंपल लिया गया था, जिसमें कैंपिलोबैक्टर जेजुनी पॉजिटिव पाया गया। यह पानी में होने वाला एक बैक्टीरिया है।

## समाचार

# भाकियू बी आर एस एस ने अधिकारियों की उपस्थिति ना होने पर आंदोलन की दी चेतावनी




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस के प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी कार्यालय पर दिया, जिसमें 15 फरवरी को संगठन की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत में संबंधित विभागों के अधिकारी जिसमें विद्युत अभियंता हसनपुर, प्रथमा बैंक फील्ड ऑफिसर कालखेड़ा की उपस्थिति तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया, किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संबंधित अधिकारी बैठक में 12 बजे तक नहीं पहुंचते हैं तो भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस आंदोलन को मजबूर होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उदयवीर सिंह, साहब सिंह, मुस्ताक, मुन्ना ठेकेदार, नोसिंह, देवेंद्र सैनी, प्रशांत, सुनील कुमार आदि किसान नेता शामिल रहे।

# जन सेवा केंद्र में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को हसनपुर कोतवाली पुलिस ने 10 फरवरी की देर रात्रि को गांव मंगरोला स्थित अंकित जैन सेवा केंद्र में की गई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें दो आरोपी वयस्क तथा दो आरोपी नाबालिक हैं, खुलासा करते हुए कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गांव मंगरौला निवासी अंकित पुत्र वीर सिंह के द्वारा जन सेवा केंद्र में चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। तथा कड़ी मशक्कत के बाद बाद अपराधी बबलू पुत्र करन सिंह निवासी गांव चक थाना सैद नगली एवं सौरभ पुत्र नन्हे निवासी गांव मंगरौला तथा दो नाबालिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान दो लैपटॉप एक फिंगरप्रिंट डिवाइस, लैपटॉप का चार्जर, एक बैटरा नगर के रामपुर भूड़ मार्ग पर एक निमार्णाधीन मकान से अभियुक्तों की निशानदेही पर बरामद किया गया है। साथ ही अभियुक्तों का चालान कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्तों को जेल भेज दिया। वहीं गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रविंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल शिव सिंह, कांस्टेबल पंकज कुमार, निशांत राठी, सोनू कुमार आदि शामिल रहे।

# परमिट की आड़ में हो रहा हरे-भरे वृक्षों का कटान।



**संवाददाता मंजीत शर्मा**

**पीलीभीत पूरनपुर।** लकड़ी माफियाओं द्वारा हरे-भरे वृक्षों पर चलाया जा रहा आरा, मामला वायरल।सूत्रों से बड़ी खबर-परमिट की आड़ में हरे भरे वृक्षों को काटा गया। जहां ठेकेदारों की मनमानी से प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ों को काटा गया। आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कई बेस कीमती पेड़ों पर प्रतिबंध लगाया गया था, फिर भी क्या वन विभाग की मदद से हरे भरे वृक्षों को काटा जा रहा है।आखिर जिम्मेदारों को नहीं लगती है क्या मामले की भनक या जानकारी होने के बाद भी नहीं करते हैं कार्रवाई,लोगों के मन में एक बड़ा सवाल है यह शासन द्वारा बेहद कीमती पेड़ों पर प्रतिबंध लगाया गया था। हरे भरे वृक्षों पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन ठेकेदारों की मनमानी के चलते प्रतिबंधित हरे भरे वृक्षों को कांटा जा रहा है। हरे भरे पेड़ों पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी ठेकेदारों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सूत्रों से जानकारी के मुताबिक सेहरामऊ थाना क्षेत्र के निजामपुर में मंगलवार को रात में हरे-भरे वृक्षों को काटा गया है। सूत्रों की माने तो परमिट से अधिक पेड़ काटें गए हैं। क्या जिम्मेदारों को मामले की नहीं है भनक,या जिम्मेदारों की मिली भगत से हरे भरे वृक्षों को काटा गया। बड़ा सवाल। पीलीभीत के थाना सेहरामऊ क्षेत्र के निजामपुर का बताया जा रहा पूरा मामला।

# भाजपा नेता संजय सहदेव के बड़े भाई कमल सहदेव की सड़क हादसे में मौत

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को नगर में उसे समय शोक की लहर दौड़ गई जब ज्ञात हुआ कि भाजपा नेता संजय सहदेव के बड़े भाई कमल सहदेव की दिल्ली में सड़क हादसे में मौत हो गई, बताते चलें कि हसनपुर निवासी कमल सहदेव बुधवार की सुबह दिल्ली में एक प्राइवेट बस की चपेट में आ गए जिन्हें बस चालक द्वारा काफी दूर तक घसीटा गया जिसके बाद मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई, कमल सहदेव नगर निगम दिल्ली में सफाई नायक के पद पर तैनात थे तथा हसनपुर नगर की बाल्मीकि बस्ती के रहने वाले थे इस संबंध में उनके छोटे भाई एवं भाजपा नेता संजय सहदेव ने बताया कि दिल्ली में ही उनके शब का पोस्टमार्टम किया गया है, तथा गुरुवार को परिजनों ने नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार कर दिया, आपको बता दे की कमल सहदेव अपने पीछे चार बच्चों में दो बेटे और दो बेटियों का तथा पत्नी को रोता बिलक्था छोड़ गए हैं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, गुरुवार को सब पहुंचने पर नगर के विभिन्न गणमान्य लोगों सहित भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, सुशील भगत जी, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सनातन जागरण मंच के संस्थापक दिनेश अग्रवाल, बजरंग दल के नगर संयोजक राहुल हिंदुस्तानी आदि सहित भारी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

# सनातन जागरण मंच महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार की देर रात सनातन जागरण मंच की मासिक बैठक नगर के आर्य समाज मंदिर में आयोजित की गई जिसमें महिला इकाई की घोषणा की गई, बैठक की अध्यक्षता विनय गुप्ता द्वारा की गई बैठक का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ, तदुपरांत स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती और संत रविदास जी की जयंती मनाई गई, मुख्य अतिथि सीता आर्य ने भजन एवं व्याख्यान के माध्यम से स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डाला, वही इस मौके पर सनातन जागरण मंच के संस्थापक दिनेश अग्रवाल ने सनातन जागरण मंच हसनपुर की महिला कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे सनातन जागरण मंच हसनपुर महिला इकाई की मार्गदर्शिका सत्यवती सक्सेना जी को मनोनीत किया गया तथा संरक्षक मंडल में नीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल को शामिल किया गया, वहीं अध्यक्ष पद पर राजेश्वरी देवी को मनोनीत किया गया, कार्यवाहक अध्यक्ष सीमा अग्रवाल तथा पूनम गुप्ता को बनाया गया, साथ ही महामंत्री पद पर सीमा यादव को जिम्मेदारी दी गई, उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निधि अग्रवाल, मंत्री सुमन शर्मा, कुमकुम देवी आदि को नियुक्त किया गया, महिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सनातन जागरण मंच के संस्थापक दिनेश अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त महिला पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाए जाने वाले हिंदू नव वर्ष के कार्यक्रम को लेकर बैठक में सभी से सुझाव मांगे तथा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव वर्ष को धूमधाम से मनाए जाने के लिए आवाहन किया, इस मौके पर मुख्य रूप से अंकित गुप्ता, सचिन गुप्ता, नवीन रस्तोगी, पवन चौहान, राधेलाल अग्रवाल आदि सहित बड़ी संख्या में सनातन जागरण मंच के लोग मौजूद रहे।

# महाकुम्भ में लगा फिल्म जगत के सितारों का जमघट, सीएम योगी के प्रयासों के हुए मुरीद

**महाकुम्भनगर, 13 फरवरी।** गंगा-यमुना-सरस्वती का पवित्र त्रिवेणी संगम महाकुम्भ 2025 के दौरान न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए धरती के सबसे बड़े केंद्र के तौर पर उतरा है। चाहें राजनीति हो, चाहें उद्योग जगत हो या फिर फिल्म जगत, सभी कलाओं, सभी संस्कृतिकियों और विश्व के सभी क्षेत्रों के दिग्गजों का संगम स्थल महाकुम्भ 2025 बनकर उभरा है। महाकुम्भ 2025 में यूं तो हर दिन ही कोई न कोई प्रख्यात शख्सियत संगम पर डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानती है और इस दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन के लिए योगी सरकार की प्रशंसा करती है मगर गुरुवार का दिन कई मायनों में विशिष्ट रहा। इस दिन फिल्म जगत के बड़े कलाकार विवेक ओबराय व विक्की कौशल ने संगम में डुबकी लगाई। वहीं, महाराष्ट्र की फायरब्रांड नेत्री और पूर्व एक्ट्रेस नवनीत राणा ने भी संगम में स्नान किया। इससे पूर्व, प्रसिद्ध ड्रमर शिवमणि, महाभारत में दुर्योधन का कैरेक्टर प्ले करने वाले पुनीत इस्सर व फेमस मेंटलिस्ट सुहानी शाह समेत कई कलाकार महाकुम्भ के महाआयोजन का





हिस्सा बनकर खुद को धन्य माना।

**विक्की कौशल ने खुद को बताया सौभाग्यशाली**

शुक्रवार को शिवाजी महाराज के पुत्र सम्भाजी महाराज की जीवनी पर आधारित फिल्म छावा की रिलीज के पहले गुरुवार को एक्टर विक्की कौशल ने तीर्थराज प्रयागराज पहुंचकर संगम में पवित्र डुबकी लगाई और फिल्म की सफलता की कामना की। विक्की कौशल गुरुवार को दोपहर अरैल घाट से क्रूज में सवार होकर संगम स्थल गए जहां उन्होंने पवित्र डुबकी लगाई। उन्होंने मीडिया को दिए संक्षिप्त इंटरव्यू में महाकुम्भ का हिस्सा बनने के लिए खुद को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि वह कई दिन से इस अवसर की प्रतीक्षा में थे और आज जाकर उनकी यह इच्छा पूरी हो सकी। उन्होंने सीएम योगी और स्थानीय प्रशासन द्वारा महाकुम्भ के आयोजन और व्यवस्थाओं को लेकर भी हर्ष जताते हुए इसे असाधारण करार दिया।

# फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त होंगे गरीबों के मांगलिक कार्यक्रम : सीएम योगी



**गोरखपुर, 13 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब गरीबों और आर्थिक दृष्टि से निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के कार्यक्रम भी फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त होंगे और कल्याण मंडपम इसका माध्यम बनेगा। गोरखपुर के पहले कल्याण मंडपम का आज उद्घाटन हो रहा है और अगले कुछ माह में सात नए कल्याण मंडपम भी बनकर तैयार हो जाएंगे। इनमें से पांच कल्याण मंडपम के लिए धनराशि उन्होंने अपनी विधायक निधि से दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए कल्याण मंडपम की बुकिंग मात्र 11 हजार रुपये में करने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं। सीएम योगी गुरुवार को करीब 103 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने के लिए खोराबार टाउनशिप में नगर निगम की तरफ से आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नगर के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के साथ ही 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महादेवपुरम से रामगढ़ताल में फेज 2 (पम्पिंग स्टेशन) तक 2.46 करोड़ रुपये से नाला निर्माण कार्य, एकला बांध से पशु शवदाह गृह (कारकस प्लांट) तक 0.68 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 0.97 करोड़ रुपये से शेड निर्माण का लोकार्पण किया। कुल 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करने के अलावा उन्होंने 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण मंडपम का उद्घाटन नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में एक नई शुरूआत है। किसी भी मांगलिक या सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए यह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि जिनके पास साधन हैं वे होटलों या बड़े लॉन में कार्यक्रम कर सकते हैं लेकिन जिनके पास पैसा नहीं है, जो गरीब हैं वे कहां जाएंगे। इसे लेकर नगर निगम और विकास प्राधिकरण से कहा था कि कल्याण मंडपम के रूप में ऐसा स्थान हो जहां गरीब, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के वैवाहिक आयोजन, मांगलिक कार्यक्रम सुविधापूर्ण तरीके से हो सकें। इस कल्याण मंडपम में सभागार, डॉरमेट्री, 6 रूम, किचन और लॉन भी है। सीएम योगी ने कहा कि कल्याण मंडपम गरीबों, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए स्थायी संपदा हैं जहां फाइव स्टार सुविधाएं हैं।

# जगद्गुरु शंकराचार्य के साथ सीएम योगी ने किया विशिष्ट हवन



**गोरखपुर, 13 फरवरी।** श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम के मंगलमय आशीर्वाद और दिव्य आदेश से विजय यात्रा लेकर मंगलवार (11 फरवरी) को गोरखपुर पधारे जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम गोरक्षपीठ में प्रवास करने के बाद गुरुवार को विदा हो गए। विदा होने से पूर्व शंकराचार्य जी ने गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गोरखनाथ मंदिर की यज्ञशाला में श्रृंगेरी पीठ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट हवन किया। दोनों आध्यत्मिक विभूतियों के सानिध्य में 108 सुंदरकांड पाठ और आञ्जनेय हवन से लोक मंगल व राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की गई। जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम की विजय यात्रा का आगमन मंगलवार देर शाम गोरक्षपीठ में हुआ था। बुधवार शाम गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका अभिनंदन किया था और इसके बाद शंकराचार्य जी के वेदपाठी छात्रों और अध्यापकों को शंकर वचन (आशीर्वचन) दिया था। बुधवार रात उन्होंने अपने प्रवास क्षेत्र में श्रृंगेरी पीठ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित हुए। गुरुवार सुबह शंकराचार्य जी, मुख्यमंत्री की अगवानी में गोरखनाथ मंदिर की यज्ञशाला पहुंचे और आञ्जनेय हवन में सम्मिलित हुए। यहां हवन के बाद जगद्गुरु शंकराचार्य और गोरक्षपीठाधीश्वर ने भगवान आदि शंकर व गुरु गोरखनाथ से लोक मंगल और राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। शंकराचार्य जी ने मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को श्रृंगेरी पीठ से लाए दो विशिष्ट स्मृति चिन्ह भेंट किए। हवन अनुष्ठान के उपरांत सीएम योगी ने शंकराचार्य जी को गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने दोपहर में उन्हें गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार भावपूर्ण विदाई दी।

# संगम में स्नान करना मोक्ष प्राप्ति जैसा अनुभव : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**महाकुम्भ नगर, 13 फरवरी।** प्रयागराज की पावन धरा स्थित त्रिवेणी संगम स्थली पर आयोजित हो रहे अबतक के सबसे बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक समागम में 48 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। माघी पूर्णिमा के दूसरे दिन भी महाकुम्भ में स्नान के लिए आने वाले आस्थावानों का अटूट रेला देखा गया। इसके अलावा देश की दिग्गज हस्तियां भी मां गंगा, यमुना और पवित्र सरस्वती के संगम में स्नानकर पुण्य बटोर रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी संगम स्नान कर लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हुए कहा कि संगम में स्नान करना मोक्ष प्राप्ति जैसा अनुभव है। महाकुम्भ में प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का कुम्भ कलश भेंट कर स्वागत किया।

**पीएम मोदी और सीएम योगी का जताया आभार**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस दिव्य और भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि युगों से पीढ़ियों को ऐसे क्षण का इंतजार रहता है, जब पूरी दुनिया के लोग संगम में आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। उन्होंने 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी को अलौकिक अनुभव बताया और महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। सिंधिया ने प्रयागराज से अपने पूर्वजों के ऐतिहासिक संबंध का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पूर्वजों ने इस क्षेत्र को मुगल शासन से मुक्त कराकर आध्यात्मिक शक्तियों और मंदिरों के पुनर्निर्माण का कार्य किया था, जिससे यह स्थान उनके लिए भावनात्मक रूप से विशेष है।

**सचिन पायलट ने भी किया महाकुम्भ में स्नान**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान के टोंक से कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने भी गुरुवार को संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान के उपरांत उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए महाकुम्भ को श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने देश-प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली की कामना की।

**प्रकाश जावड़ेकर ने की योगी सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना**

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए प्रयागराज महाकुम्भ में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए लिखा कि महाकुंभ में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जहां पूरी दुनिया ने बिना किसी शिकायत, भ्रम या मांग के ऐतिहासिक धार्मिक समागम देखा। जावड़ेकर ने लिखा कि पिछले हफ्ते, हमारे परिवार ने महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। प्रयागराज में एक ह्यमानव सागरह्न उमड़ पड़ा। हर ओर केवल ह्यहर हर गंगेह्न के जयघोष गूंज रहे थे। योगी सरकार द्वारा की गई अतुलनीय व्यवस्थाओं के कारण कोई भी प्यासा, भूखा या आश्रय के बिना नहीं रहा। यह सब प्रेम, देखभाल और भक्ति से भरा हुआ था।

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और सीएम ने अपनी कैबिनेट संग त्रिवेणी संगम में किया पावन स्नान



**महाकुम्भ नगर, 13 फरवरी।** देशभर से करोड़ों सनातनी प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। वहीं भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों का अपनी अपनी कैबिनेट के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान करने का सिलसिला जारी है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान कैबिनेट के बाद अब छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में 166 सदस्यीय दल त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचा। इसमें विपक्षी दल के विधायक भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने महाकुम्भ के दिव्य-भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने त्रिवेणी में डुबकी लगाने के साथ ही अपने प्रदेश की जनता के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। सीएम साय सेक्टर 7 स्थित छत्तीसगढ़ मंडप पहुंचकर अपने प्रदेश के श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम जाना और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**साय ने सीएम योगी का जताया आभार**

पत्नी कौशल्या साय के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्यपाल रमेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, सांसद और विधायकगण महाकुम्भ 2025 में पवित्र स्नान के लिए अरैल घाट पहुंचे। यहां सभी ने मिलकर पवित्र संगम स्नान किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज पूरे राज्य का मंत्रिमंडल, विधायक, सांसद और राज्यपाल संगम में आस्था की डुबकी लगाने आया है। हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें आमंत्रित किया। उन्होंने स्नान के उपरांत अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि आज तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी संगम में तीन करोड़ छत्तीसगढ़वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए डुबकी लगाई एवं स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। महाकुम्भ सनातन धर्म की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का महापर्व है, यहां आस्था अमृत बनकर आत्मा को ब्रह्म से जोड़ती है।

**नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है महाकुम्भ**

छत्तीसगढ़ सीएम ने अपने अगले पोस्ट में लिखा कि कुम्भ ऊर्जा का स्त्रोत है, कुम्भ मानवता का प्रवाह है, कुम्भ आध्यात्मिक चेतना है, कुम्भ आत्मप्रकाश का मार्ग है, कुम्भ जीवन की गतिशीलता है, कुम्भ सृष्टि में सभी संस्कृतियों का संगम है, कुम्भ प्रकृति एवं मानव जीवन का समन्वय है, कुम्भ नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है। वहीं विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय ने कहा कि हमने मां गंगा का आशीर्वाद लिया। मैंने छत्तीसगढ़ राज्य की खुशहाली और समृद्धि के लिए गंगा, यमुना और सरस्वती मां से प्रार्थना की।

# युग प्रवर्तक के रूप में संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज को दिखाई दिशा : नवीन जिंदल

## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास भक्तिकाल के थे सबसे बड़े समाज सुधारक: सुभाष सुधा

⇨ जयंती के अवसर पर गुरु रविदास धर्मशाला सभा में हुए कार्यक्रम में सांसद ने की शिरकत



**कुरुक्षेत्र** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 648 में जयंती पूरे जिले में हर्षो उल्लास व उत्साह के साथ मनाई गई। मु य कार्यक्रम शहर की श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा में आयोजित किया गया। जयंती में बड़ी सं या लोगों ने भाग लेकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए हुए मार्ग और संदेश पर चलने का संकल्प लिया।

सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास का अवतार युग प्रवर्तक के रूप में हुआ। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव और कुरीतियों को दूर करते हुए जीवन जीने की सही राह इंसान को दिखाई।

उन्हीं की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाज तरक्की के पथ पर अग्रसर है। सांसद जिन्दल संत गुरु रविदास के 648वें जयंती समारोह के अवसर पर गुरू रविदास धर्मशाला एवं सभा द्वारा व आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने समाज में फैली कुरीतियों और भेदभाव को दूर करते हुए मानवता की सेवा की राह दुनिया को दिखाई। भारत की मध्ययुगीन संत परंपरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है।

गुरु रविदास की गणना केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व के महान संतों में की जाती है। मु यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी महापुरुषों के जयंती समारोह को राज्य स्तरीय सरकारी कार्यक्रमों के रूप में मनाने का प्रयास कर रही है ताकि युवा पीढ़ी को अपने गौरवमई इतिहास का ज्ञान हो सके। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भी शिरकत की और कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास बहुत बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने भक्तिकाल में समाज के लोगों को नई दिशा देने का काम किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से सांसद नवीन जिंदल व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा को स्मृति चिन्ह देखकर स मानित किया गया।

इस मौके पर केडीबी के पूर्व सदस्य केसी रंगा, तारा चंद नरवाल, डा दलबीर सिंह, रिटायर्ड डीएसपी रौनकी राम, रामकिशन, गुरप्रीत सिंह कोबरा, महिपाल फुले, जिंदल हाउस के प्रभारी धर्मवीर सिंह, रूप चंद व समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर मंदिर में श्री गुरु रविदास जी की जयंती पर लोगों की भीड़ रही। लोगों ने श्री गुरु रविदास की मूर्ति के सामने नतमस्तक होकर सुख व समृद्धि की कामना की।

### श्री गुरु रविदास ने समाज में समानता और भाईचारे को मजबूत करने का किया काम: साहिल सुधा



**कुरुक्षेत्र** । पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता साहिल सुधा ने कहा कि गुरु रविदास जी की जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में समरसता को बढ़ावा देने का अवसर भी है। महान संत गुरु रविदास जी ने हमेशा मानवता, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। उनके विचार आज भी हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हमने सच में उनके दिखाए मार्ग को अपनाया है? वे गांव सुनहेड़ी खालसा में आयोजित रविदास जयंती में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश किसी विशेष वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण मानवता के लिए है। साहिल सुधा का स्वागत करते हुए बेगम टाइगर फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सुनहेड़ी ने कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश स्पष्ट है—मन चंगा तो कठौती में गंगा—इसका अर्थ यह है कि बाहरी दिखावे की बजाय, हमारे विचार और कर्म शुद्ध होने चाहिए। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि यह पर्व केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि एक नई दिशा और संकल्प का प्रतीक बनना चाहिए। इस मौके पर सागर मेहरा, ऋषिपाल, तरसेम, सुनील, जगपाल ठेकेदार, आयुष, दलबीर, हवा सिंह, सतबीर मनोज, संजीव कुमार, राजबीर मेहरा, लखपत, सुभाष, राकेश आदि मौजूद रहे।

## श्री गुरु रविदास जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर बुराइयों को दूर करें: केसी रंगा



**कुरुक्षेत्र।** केडीबी के पूर्व सदस्य एवं समाजसेवी केसी रंगा ने समाज के लोगों को आह्वान किया कि वे गुरु रविदास जी के बताए रास्ते पर चलें और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का काम करें। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी के पवित्र वचन समस्त मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ हैं। वे रविदास जयंती के अवसर पर झांसा रोड स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

⇨ श्री गुरु रविदास सभा थानेसर के प्रधान रूपचंद ने लोगों को दी जयंती की बधाई

उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने हमेशा विश्व को मानवता का मार्ग दिखाया। जिस पर आज समाज को चलने की जरूरत है। श्री गुरु रविदास सभा थानेसर के प्रधान रूप चंद ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने हमेशा विश्व को मानवता का मार्ग दिखाया।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी व बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के दिखाए समानता के मार्ग के अनुरूप हमें चलना चाहिए, तभी अनुसूचित जाति समाज के परिवार आगे बढ सकते हैं। समाज के लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी एक आध्यात्मिक दूत और समाज के गरीब व असहाय वर्गो के मसीहा थे। उन्होंने हमें एक महान जीवन जीने की शिक्षा दी।

उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को श्री गुरु रविदास जी जयंती की बधाई दी और उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## श्री गुरु रविदास जी एक महान संत और थे समाज सुधारक: सुनील कुमार



**कुरुक्षेत्र।** गांव बिहोली में श्री गुरु रविदास जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित जयंती कार्यक्रम में बड़ी सं या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जयंती में आए लोगों ने श्री गुरु रविदास जी के संदेश पर चलने का संकल्प लेने के साथ साथ सुख व समृद्धि की कामना की।

गांव की सरपंच आशा रानी ने गांव वासियों को श्री गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं दी और कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं हमें समता, समरसता, और निष्काम कर्म की प्रेरणा देती हैं।

हमें उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। सरपंच प्रतिनिधि नंबरदार सुनील कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी एक महान संत और समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। हमें उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने के लिए समाज में असमानता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी,

इस मौके पर ग्राम पंचायत की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी सं या में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पंचायत सदस्य संजीव, अजय, गुरदेव सिंह, बादल, सुभाष, जसपाल, शमशेर को स मानित किया गया। इस अवसर पर कमेटी मैंबर पाला राम, बीर सिंह, संजू, सतबीर, अंगद, हरदीप, श्याम लाल, बलवान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्नी से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

**कुरुक्षेत्र** न्यूज)। जिला के एक गांव में पति ने अपनी पत्नी से तंग आकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान जोगिंद्र सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई निर्मल सिंह की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। निर्मल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई जोगिन्द्र सिंह की शादी पूजा के साथ करीब 12 साल पहले हुई थी। जोगिंद्र सिंह के पास एक 10 साल का लडक़ा व एक 8 साल की लडक़ी है। उसकी भाभी पूजा के परिवार के ही एक युवक अमित के साथ अवैध संबंध थे। पूजा पहले भी कई बार जोगिन्द्र सिंह के साथ मारपीट करके अपने बच्चो सहित अपने प्रेमी अमित कुमार के पास चली जाती थी। अमित कुमार को समझाने की कोशिश की तो अमित कुमार हमे भी देख लेने की धमकी देता रहा। पूजा अपने मोबाइल फोन से अपने प्रेमी अमित कुमार से बात करती हुई जोगिन्द्र सिंह द्वारा पकड़ी गई तो पूजा हमारे द्वारा समझाने पर एकदम भडक़ गई और दोनों बच्चों सहित अमित कुमार के पास चली गई। भाभी व बच्चों के चले जाने के कारण शर्मिंदगी के कारण व समाज में बेइज्जती होने के कारण उसके भाई जोगिंद्र ने कमरे में लगे छत वाले पंखा पर कपड़े का फंदा लगाकर फांसी ले ली। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पूर्णाहुति, भंडारे के साथ मां बगलामुखी महायज्ञ स पन्न

⇨ महंत बंसी पुरी का भव्य स्वागत, शिविर में 250 लोगो की जांच





**पिहोवा** न्यूज)। अरूणाय रोड स्थित गांव धनीरामपुरा में पिछले पांच दिनों से भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं संस्थापक श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य एवं मंदिर के महंत व व्यवस्थापक महंत भीम पुरी की देखरेख में चल रहा 28वां मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ सात लाख आहुतियों, संतो के प्रवचन, सैकड़ों कन्याओं का पूजन, विशाल भंडारे एवं निशुल्क मेडिकल शिविर के साथ संपन्न हुआ।

यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश सहित 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 51 यजमानों से पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से पूर्णाहुति डलवाई गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे महामंडलेश्वर 1008 महंत विद्यागिरी, श्री संगमेश्वर धाम के महतं विश्वनाथ गिरी, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, महंत जगन्नाथ पुरी, स्वामी केशव गिरी, स्वामी चमन गिरी, महंत तरणदास, स्वामी खटवांग पुरी सहित अनेक संत महात्माओं व जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, सरपंच विकल कुमार चौबे, अवतार वालिया, समाजसेवी विकास गर्ग सहित अनेक गण्यमान्यजनों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर व मां बगलामुखी मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने सुखमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर महाकुंभ में महंत बंसी पुरी को श्रीमहंत के पद पर नियुक्त किए जाने पर संत महात्माओं ने फूल मालाओं से उनका अभिवादन किया। महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी ने कहा कि संतों की कोई जाति, धर्म व मजहब नहीं होता। संत सर्वसमाज के मार्गदर्शक होते हैं। समारोह में जीवनधारा मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल, कैथल की टीम में डा. सुमन गर्ग, डा. साहिल, डा. कनिका गर्ग व डा. विक्रम गर्ग द्वारा निशुल्क मेडिकल शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 250 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। मंदिर के अग्रणी सेवादार विकल चौबे, विपिन काहड़ा, अवतार वालिया ने आए हुए संत महात्माओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुरेंद्र बंसल, सुशील बंसल, देवेंद्र जिंदल, रतन गर्ग, कंवरपाल खिल्लन, शिवचरण बहल, अधिवक्ता सुनील सिंगला, फकीरचंद डोलिया, पं. भुधर गौतम, सुरेंद्र पहलवान ईस्हाक मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### निशान साहिब के बिजली की तारों से टकराने से हुई एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल



**कुरुक्षेत्र** न्यूज)। थाना सदर के अंतर्गत गांव मोरथला में गुरू रविदास जंयती के मौके पर पूजा अर्चना करने के उपंरात जैसे ही निशान साहिब को स्थापित करने लगे तो उसी वक्त अचानक निशान साहिब उपर से गुजर रही बिजली की तारों से टकरा गया और जिसकी वजह से निशान साहिब में करंट आ गया और करंट आने की वजह से चार लोग इसकी चपेट में आ गए थे। हादसे में गांव मोरथला निवासी तेजपाल की मौत हो गई है और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का कुरूक्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। हादसे से तेजपाल की मौत की खबर से गांव में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि सभी श्रद्धालुगण खुशी खुशी निशान साहिब को स्थापित करने लग रहे थे और गुरू रविदास के भजन गा रहे थे। लेकिन कुछ ही मिनटों में सभी खुशियां मातम में बदल गई। रविदास जयंती के समापन के बाद गांव में भंडारे का आयोजन किया जाना था, तेजपाल की मौत का समाचार और तीन लोगों के मिलने के बाद गांव में होने वाले भंडारे को भी स्थगित कर दिया गया। मृतक तेजपाल आयु 35 वर्ष के पास चार बच्चे तीन लड़कियां व एक लडक़ा जो डेढ वर्ष का है जो गांव में मेहनत मजदूरी करता था। इस बारे में थाना सदर प्रभारी बलजीत सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि रविदास जयंती के दौरान अचानक ये हादसा हुआ है। हादसे में किसी का कोई हाथ नहीं था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वेद पूरे संसार के लिए ज्ञान की ज्योति: सुभाष सुधा



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि वेद पूरे संसार को ज्ञान का रास्ता दिखाते है, हमे महर्षि दयानंद सरस्वती के आहन को याद करते हुए वेदों की तरफ बढने़ की जरूरत है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा बुधवार को महर्षि दयानंद सरस्वती द्विजन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर आयोजित 12 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ एवं आर्य समाज स्थापना तथा सत्यार्थ प्रकाश लेखन के 150 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, स्वामी सूपूर्णा नंद महाराज, स्वामी सुमेदा नंद सरस्वती, पूर्व सांसद सिकर, जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, अग्रवाल समाज के प्रधान सतप्रकाश ने विधिवत रूप से समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वेदों के रास्ते पर चल कर हमारा देश 2047 तक पूरी दुनिया का नेतृत्व करते हुए विस्व गुरु बनेगा। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने उस समय समाज में फैली कुरीतियों, छुआछूत, जातपात को मिटाते हुए समानता से जीने की अधिकार देने का काम किया था। सबसे बड़ी बात तो उस समय महिला शिक्षा को जरूरी बताकर महिला शक्ति को सबसे बड़ा स मान दिया था। स्वामी जी ने नशे के खिलाफ लोगों को जगाया व लोगों को पांखड और अंधविश्वास के प्रति जगाया। उन्होंने कहा कि वेद मानव कल्याण का साधन है और हमे वेदों की और लोटना होगा। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक स्वामी संपूर्णानंद महाराज को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी जी ने जिस धरती पर चारों वेदों की लगातार 12 दिनों तक सुर्योदय से सुयास्त तक यज्ञ आयोजित कर पूरी दुनिया को एक नया मार्ग दिखाने का काम किया है। इस कार्यक्रम में संयोजक स्वामी सूपर्णानंद महाराज ने स्वागत करते हुए 12 दिनों तक चले कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

### ओमप्रकाश गर्ग सीनियर सैकंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**लाडवा** न्यूज)। ओमप्रकाश गर्ग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मु यातिथि के तौर पर नवोदय विद्यालय निवारसी के प्रधानाध्यापक निरंजन दास ने शिरकत की। विभिन्न विद्यालयों से भी शिक्षक गण इस समारोह में पहुंचे। मु यातिथि द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने एक से बढक़र एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत यादगार बना दिया। मु यातिथि ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता है। शिक्षको को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन भी किया। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उसे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। कक्षा दसवीं व बारहवीं के छात्रों को उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों को उनकी एकेडमिक, गे स, शूटिंग, 100 प्रतिशत कक्षा में उपस्थिती के लिए उन्हें शील्डस व सर्टिफिकेट देकर स मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता, उप प्रधानाचार्या सि मी व विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित गर्ग द्वारा समारोह में उपस्थित लोंगों का आभार प्रकट किया गया।

### हमें गुरु रविदास जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलाना चाहिए: विकास शर्मा



**बाबैन** न्यूज)। गांव कलालमाजरा में गुरु रविदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच सोहनलाल ने की। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी ने बतौर मु यातिथि शिरक्त की। विकास शर्मा जालखेड़ी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी की जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में समरसता को बढ़ावा देने का अवसर भी है। महान संत गुरु रविदास जी ने हमेशा मानवता, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। उनके विचार आज भी हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हमने सच में उनके दिखाए मार्ग को अपनाया है। इस मौके पर सरपंच सोहनलाल कलालमाजरा, सरपंच पिकूं जालखेड़ी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## आरोपी बस ड्राइवर के खिलाफ करवाई न होने से महिला के परिजनों ने बस अड्डे पर दिया धरना



**पिहोवा** न्यूज)। शहर में स्थित हरियाणा रोडवेज सब डिपो पिहोवा में बीते एक माह पहले रोडवेज बस द्वारा कुचलने से हुई महिला की मौत को लेकर परिजनों ने प्रांगण में धरना शुरू कर दिया है, जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन में भी हलचल है।

मृतका महिला के ससुर स्वर्गीय ईश्वर दयाल नेता के नाम से जाने जाते थे जो कि पुरी जिंदगी संघ से भी जुड़े रहे। बस स्टैंड प्रांगण में धरने पर बैठे स्वर्गीय नेता जी के पौत्र पंकज गर्ग ने बताया कि बीते 12 जनवरी 2025 को वह करनाल जाने के लिए उनकी माता कमलेश रानी उम्र लगभग 65 वर्ष के साथ पिहोवा बस स्टैंड पर खड़े थे, जहां पर रोडवेज चालक ने गफलत व लापरवाही से बस चलाते हुए उनकी माता को कुचल दिया। वह तुरंत उन्हें वहां खड़े राहगीरों की मदद से शहर के निजी हस्पताल में ले गए, जहां से गंभीर हालत के चलते उनकी माता को चंडीगढ़ रैफर कर दिया। चंडीगढ़ में चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए टांगों के कुचलने के कारण दोनों टांगों को काट दिया था। इलाज के दौरान ही 23 जनवरी 2025 को उनकी माता की मौत हो गई।

उन्होंने स्थानीय पुलिस के प्रति रोष व्यक्त करते हुए बताया कि दुर्घटना के बाद उनकी माता की हालत गंभीर थी, लेकिन पुलिस चंडीगढ़ हस्पताल जाने की बजाय उन पर दबाव डालती रही कि वह पिहोवा आकर बयान दर्ज करवाएं फिर कार्यवाही होगी। बीते 23 जनवरी को उसकी माता की मौत होने के बाद भी आरोपी सलाखों के पीछे नहीं, बल्कि बाहर घूम रहा है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर भी रोष प्रकट करते हुए कहा कि उनके दादा व पिता वर्षो तक संघ से जुड़े रहे, वह खुद इस समय आरएसएस में बौद्धिक प्रमुख हैं लेकिन इसके बावजूद उनकी माता के मामले में ढिलमुल रवैया अपनाया जा रहा है। उनकी मांग है कि ड्राइवर की इस लापरवाही, जिसमें उनकी माता की दर्दनाक मौत हो गई है को देखते हुए उसकी जमानत रद्द करवाई जाए व ड्राइवर को जमानत ना दी जाए, ताकि उनकी माता की आत्मा को शांति मिल सके।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र** न्यूज)। थाना सदर के अंतर्गत पिपली बस अड्डा के समीप एक वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान हरविंद्र सिंह निवासी पिपली के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई गुरब श सिंह की शिकायत पर मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरब श सिंह ने बताया कि मंगलवार रात्रि उसका भाई हरविंद्र सिंह घर नहीं आया तो वह अपने भाई हरविन्द्र सिहं को पिपली पुरानी मंडी के पास तलाश करने के लिए। उसने पिपली बस अडडा के पुल के सामने अपने हरविन्द्र को इधर उधर देखने लगा तो देखा कि हरविन्द्र पिपली बस अड्डा के पुल के नीचे से पुरानी मंडी की तरफ आ रहा था तो अचानक एक गाडी गलत साईड से तेज र तार से पिपली की तरफ से आई और सीधी टक्कर हरविन्द्र सिंह को मारी। हरविन्द्र सिहं गाडी की टक्कर लगते ही सडक़ पर जा गिरा गया। भीड़ का फायदा उठा कर गाड़ी ड्राईवर गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से हरविंद्र सिंह को मथाना सीएचसी में ले गया जहां चिकित्सकों ने हरविंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## सामाजिक समरसता के प्रेरक संत रविदास: अनिल मदान



**कुरुक्षेत्र।** गीता विद्यालय के लाजपत छात्रावास में गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में संबोधित करते हुए प्राचार्य अनिल मदान ने कहा कि हिंदू समाज को छुआछूत जैसी घृणित पर परा से मुक्ति दिलाने वाले महान संत रविदास का जन्म धर्मनगरी काशी के निकट मंडुआडीह में संवत 1433 हुआ था।

संत रविदास के पिता का नाम राघव व माता का नाम करमा था। जिस दिन उनका जन्म हुआ उस दिन रविवार था इस कारण उन्हें रविदास कहा गया। उन्होनें अपनी वाणी के माध्यम से आध्यात्मिक, बौद्धिक व सामाजिक क्रांति का सफल नेतृत्व किया। उनकी वाणी में निर्गुण तत्व का मौलिक व प्रभावशाली निरूपण मिलता है।

संत रविदास का मन पारिवारिक व्यवसाय में नहीं लगता था। उन्हें साधु संतों की सेवा और आध्यात्मिक विषयों में रूचि थी। उस काल में युग प्रवर्तक स्वामी रामानंद काशी में पंच गंगाघाट में रहते थे। रविदास ने उन्हीं को अपना गुरू बना लिया। स्वामी रामानंद ने उन्हें रामभजन की आज्ञा दी व गुरूमंत्र दिया।

संत रविदास ने अपनी वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर करारी चोट की। भारतीय संतों ने सदा अहिंसा वृति का ही पोषण किया है। संत रविदास के प्रभु किसी भी प्रकार की सीमाओं से नहीं बंधे हैं वे तो घट-घट व्यापी हैं। संत रविदास ने अपने जीवन के अंतिम वर्षों में भारत भ्रमण किया तथा दीन हीन दलित समाज को उत्थान की नयी दिशा दी।

## जेईई-मेन 2025 में गीता निकेतन के छात्र उच्च परसेंटाइल से उत्तीर्ण



**कुरुक्षेत्र न्यूज)।** इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई - मेन 2025 के मंगलवार को घोषित पहले चरण के परिणाम में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के सात छात्रों ने उच्च परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रावासी विद्यार्थी एलिश सैनी ने 99.55, भविष्य गोयल 99.38, वंश बंसल 99, विरल जैन 97, भौमिक सूरा 95.23, कृष्णा 94 तथा जतिन नैन ने 92 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया।

गीता निकेतन के प्राचार्य नारायण सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए विद्यालय में ही छात्रों की सघन तैयारी करवाई जाती है। प्रयागराज की एक संस्था सक्षम संस्थान के आई आई टी पास शिक्षकों एवं गीता निकेतन के शिक्षकों के संयुक्त तत्वावधान में इन छात्रों को कोचिंग देने की विशेष व्यवस्था की गई है। इंजीनियरिंग के अलावा मेडिकल, क्लैट, सीयूईटी, एनडीए आदि की भी तैयारी विद्यालय में करवाई जाती है। विद्यालय प्रबंध समिति , प्राचार्य नारायण सिंह सहित आचार्य एवं पर्यवेक्षकों ने सभी सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों को शानदार परिणाम आने पर बधाई दी है।

माघ पूर्णिमा और संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रातः सभी विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा हेतु शुभकामना हवन भी किया गया । इस अवसर पर सफल छात्रों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत भी किया गया। शांति मंत्र एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## कार्यक्रम संत कभी एक वर्ग के न होकर सबके होते हैं: सुमन सैनी

# श्री गुरु रविदास जयंती समारोह धूमधाम से मनाया

⇨ मु यातिथि सुमन सैनी ने ध्वजारोहण कर उत्सव का किया शुभारंभ



**लाडवा** न्यूज)। श्री गुरु रविदास सभा लाडवा में महर्षि गुरु रविदास का 648 वाँ जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिसमें हरियाणा के मु यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने मु य अतिथि के रूप में शिरकत की और ध्वजारोहण कर उत्सव का शुभारंभ किया। मु य अतिथि सुमन सैनी ने गुरु रविदास जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेक कर उनका आशीर्वाद लिया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत और महापुरुष कभी भी एक जाति वर्ग के न होकर पूरे समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि गुरु रविदास जी ने सभी को समानता और भाईचारे का पाठ पढाते हुए जात-पात, धर्म आदि के भेदभाव को मिटाने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन सफल बनाना चाहिए। सभा के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें सिरोपा और स्मृति चिन्ह भेंट कर स मानित किया गया। इससे पूर्व उनके श्री गुरु रविदास जी के मंदिर में पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

लाडवा के पूर्व विधायक मेवा सिंह व तहसीलदार नवम धानिया ने मत्था टेकर आशीर्वाद लिया। सभा के पदाधिकारियो ने आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स मानित किया। सभा की ओर से गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में एक सत्संग व भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर प्रधान सूबे चंद कटारिया, रमेश चालिया, जागीर सिंह, रविंद्र कटारिया, संजीव कुमार, मंगतराम, राजेश, प्रवीण बौद्ध, प्रवक्ता इमना कटारिया, मनीराम, सुभाष चंद, राम सिंह, कांता रानी, रामप्यारी, सुषमा, शशि, रोशनी, बांतो रानी सहित भारी सं या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## शिक्षा ही किसी समाज की विकास की है कुंजी: नवम धानिया



**लाडवा** न्यूज)। गाँव धनोरा जाटान में सन्त शिरोमणि श्री गुरू रविदास जी महाराज जी की 648 वी पावन जयंती श्री गुरु रविदास मंदिर में धूम्रपान से मनाई गई और अटूट भण्डारे का भी आयोजन किया गया। समाजसेवी अजमेर सिंह के पुत्र राजबीर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। लाडवा के तहसीलदार नवम धानिया ने अपनी पत्नी के साथ इस कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में अपनी हाजिरी लगाई। उनका सभा द्वारा स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को शिक्षित होने का संकल्प लेने का आव्हान किया ताकि वे समाज के विकास में भागीदार बनें। पूर्व सरपंच बाबू राम ने भी समाज को एकजुट होकर और मेहनत कर अपने बच्चों को पढ़ाने का कार्य करें और समाज के विकास में भागीदार बनें। इस अवसर पर लछमन दास, रामकुमार, मेहर सिंह, जोगिंदर , शिव राम , हरि सिंह, गुरचरण, प्रदीप, अमन, राजू, पाला, अशोक, विकास, परवीन व अन्य महिलाओं की भारी भीड़ भी शामिल रही।

# एसडीएम ने अवैध बालू परिवहन करते 4 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा

■ कालपी-उरई

बीती रात को रात में उपजिलाधिकारी सुशील सुशील कुमार सिंह व ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा जोल्हूपुर मोड़ हाइवे रोड में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड भरे 4 ट्रको को परिवहन करते पकड़ कर टीम के द्वारा सीज करने की बड़ी कार्यवाही की गई है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक 10/11 फरवरी की रात को एसडीएम सुशील कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की पुलिस की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड़ की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन के खिलाफ चैकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 4 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया।

चैंकिंग के दौरान एसडीएम सुशील कुमार तथा पुलिस के जवान मौजूद रहे।

उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये सभी चार वाहनों को गल्ला मंडी कालपी के परिसर में पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया।चैकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी।

## नाबालिग दिव्यांग के लापता होने पर पिता ने कराया मामला दर्ज

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जवाहर नगर की रहने वाली एक 16 वर्षीय दिव्यांग किशोरी सोमवार शाम बस स्टैंड से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों के मुताबिक वह मानसिक रूप से भी कुछ कमजोर है। बताया जा रहा है कि लापता होने से पूर्व किशोरी को एक बस में बैठे देखा गया था । जिसकी जानकारी किशोरी के छोटे भाई को लगी थी तो वह बस स्टैंड पहुंच गया था और अपनी बहन को बस से उतार कर घर जाने को कह कर खुद कोचिंग पढ़ने चला गया था। देर शाम जब वह पढ कर घर पहुंचा तो बहन के बारे में पूछा लेकिन बहन घर पर नहीं मिली थी। इसके बाद किशोरी की खोजबीन शुरू हुई लेकिन देर रात तक कहीं भी उसका पता नहीं चल सका। किशोरी के पिता ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की थी।

## जेपीएल सीजन दोः सातवें दिन का मैच रायबरेली क्रिकेट क्लब और वेस्टइंडीज क्लब उरई के मध्य हुआ

■ जालौन-उरई

क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो हमें एकता, और जीत की भावना सिखाता है। सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें और आयोजन को सफल बनाएं। यह बात जेपीएल सीजन दो में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए प्रशिक्षु आईएएस अनिकेत शांडिल्य ने कही।



जेपीएल सीजन दो में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए प्रशिक्षु आईएएस अनिकेत शांडिल्य ने कहा कि आजकल बच्चे ऑनलाइन गेम खेलने में अधिक रूचि दिखाते हैं। जबकि इससे फिजिकली रूप से फिट नहीं रह सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आउटडोर गेम खेलें। क्रिकेट भी एक बढ़िया खेल है। यह खेल हमें सिखाता है कि कैसे हम एक टीम के रूप में काम कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टूर्नामेंट को यादगार बनाएंगे। टूर्नामेंट में सातवें दिन का मैच रायबरेली क्रिकेट क्लब और वेस्टइंडीज क्लब उरई के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज क्लब उरई की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट खोकर 183 रन बनाए। ओपनर विक्रांत सिंह भदौरिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 63 गेंदों में शतक बनाते हुए 104 रन बनाए। यह टूर्नामेंट का पहला शतक रहा। रायबरेली की ओर से गेंदबाजी करते हुए उमर ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली की टीम ने सात विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर वेस्टइंडीज क्लब हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रायबरेली की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए उमर ने 44 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से 73 रन बनाए। वेस्टइंडीज क्लब उरई के गेंदबाज अनुज पाल ने चार ओवर में 16 रन देकर चार विकेट लिए।

# डाकघर की आरडी में रुपये जमा करने के बहाने एजेंट ने महिला से की ठगी

■ जालौन-उरई

डाकघर की आरडी में रुपये जमा करने के बहाने एजेंट ने महिला से रुपये जमा करा लिए। परिवक्ता पूर्ण होने के बाद एजेंट भुगतान नहीं कर रहा है। उल्टा धमका रहा है। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर उसके रुपये दिलाने की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया खंडेराव निवासी सीमा शिवहरे ने पुलिस को बताया कि उसके पति काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। घर पर वह बच्चों के साथ रहती है। उसके पास लौना रोड निवासी एक व्यक्ति आया और उसने बताया कि वह डाकघर में 200 रुपये प्रतिदिन जमा करती है तो तीन साल पूरे होने पर उसे दो लाख 83 हजार रुपये मिलेंगे। उसने सोचा धीरे धीरे रुपये जमा करने के बाद जो रकम इकट्ठा होगी उससे वह कोई रोजगार कर लेगी। उसने लगातार तीन साल तक 200 रुपये एजेंट को दिए। वह एक डायरी में रुपये लिखकर और अपने हस्ताक्षर कर चला जाता था। जब परिवक्ता होने पर उसने अपने रुपये मांगे तो पहले तो वह बहाने बनाता रहा। हाल ही में जब वह एजेंट के घर पहुंची तो उसने बताया कि उसने रुपये एक चिटफंड कंपनी में जमा कराए थे। जो अब भाग चुकी है। उसके रुपये वापस नहीं मिलेंगे। आइंदा रुपये मांगने पर धमकी भी दी है। पीड़िता ने पुलिस से उसके रुपये वापस दिलाने और एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पथराव व फायरिंग में दो का चालान, चार हुए पाबंद

**कोंच।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवनी बुजुर्ग मे बीते रोज हुए पथराव और फायरिंग से घायल होने के मामले में नदीगांव पुलिस ने रामेश्वर दयाल व उनके बेटे अमरदीप के खिलाफ हत्या के प्रयास में जेल भेज दिया है वही लालजी, अंकित, अनुज निवासीगण शिवनी बुजुर्ग व दीपक दुवे निवासी खुटेला के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अन्य अभियुक्तों को की तेजी से तलाश की जा रही है।

# माघ पूर्णिमाः पंचनद संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

■ उरई

जनपद जालौन में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर पंचनद संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा महाकुंभ के अमृत स्नान की अनुभूति करके साधु संतों के दर्शन एवं देवालय में पूजा अर्चना की।जनपद जालौन, इटावा , औरैया के मुख्य तीर्थ पंचनद संगम में बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वर्तमान में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर महाकुंभ में करोड़ों लोगों के एक साथ एकत्रित होने से पूरा कुंभ क्षेत्र मानव महासागर के रूप में देखा जा रहा है। लोगों को 20 से 30 किलोमीटर तक पैदल चलकर संगम के अमृत स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हो पा रहा है । भीड़ अधिक होने के कारण संगम नोज तक पहुंच पाना एवरेस्ट की चोटी पर विजय प्राप्त करने जैसा है परिणाम स्वरूप प्रयाग संगम तीर्थ क्षेत्र में गंगा जमुना जी के तटों पर बने सैकड़ो घाटों में स्नान करके लोग संतोष कर रहे हैं । जब गंगा जमुना में ही स्नान करना है तो अपने नगर, गांव के आसपास कल-कल कर बहती गंगा यमुना में स्नान करना लोग प्रयाग के संगम स्नान करने की तुलना में थोड़ा काम पुण्य मान अपने नजदीक पवित्र नदियों में स्नान कर रहे हैं इस प्रकार श्रद्धालुजन प्रयागराज जाने वाली कठिनाइयों से बचने का प्रयास कर रहे हैं । आज बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुंदेलखंड के जालौन



जिला सहित इटावा ,औरैया जनपद की सीमा में विद्यमान पंचनद संगम जहां यमुना ,चंबल, सिंध, कुंवारी ,पहूज पांच पवित्र नदियों का संगम स्थल है जिसका वर्णन अनेक पुराणों में भी आया है , इसी संगम पर जालौन, इटावा ,औरैया जिला की सीमा में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई । जनपद जालौन की सीमा में रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद संगम घाट पर सुबह से स्नान करने वालों की भीड़ जुटना प्रारंभ हुई । जालौन पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकार माधौगढ़ डॉ. राम सिंह यादव के नेतृत्व में थाना प्रभारी रामपुरा संजीव कुमार कटियार ,जगम्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी अटल बिहारी ने पुलिसबल को साथ लेकर पंचनद संगम में स्नान करने वालों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। इसी प्रकार जिला इटावा की सीमा में पंचनद पर क्षेत्राधिकारी चकरनगर व थाना अध्यक्ष बिठौली एवं औरैया जिला की सीमा में पंचनद संगम पर क्षेत्राधिकारी अजीतमल व थानाध्यक्ष अयाना एवं कुआगांव चौकी पुलिस ने संगम जल में एक सीमा के बाद जाली आदि लगा बैरिकेडिंग कर समानार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह एवं राजस्व कर्मी भी मौजूद रहे।

# नाबालिक से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने तमंचा सहित किया गिरफ्तार




■ कोंच

कैलिया पुलिस ने नाबालिक लड़की से छेड़खानी करने के आरोपी को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम ऐबरा निवासी मुकेश दीक्षित पुत्र रामगोपाल दीक्षित उम्र 40 वर्ष दबंग व अपराधी किस्म का व्यक्ति है क्षेत्र में मुकेश दीक्षित की आम शोहरत भी अच्छी नहीं है। गत 12 दिन पूर्व मुकेश ने बुरी नीयत से अपने गांव की एक नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी की थी जिसका मुकदमा कैलिया थाने में पंजीकृत किया गया था। पुलिस को कई दिनों से उक्त मुकेश की तलाश थी लेकिन शातिर दिमाग मुकेश पुलिस को चकमा देता रहा ।बुधवार की सुबह कैलिया थाना प्रभारी राजीव कुमार वैस को सूचना मिली कि मुकेश कुमार दीक्षित अपने गांव से मध्य प्रदेश की तरफ भागने की फिराक में है सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राजीव कुमार वैस ने मय हमराही उपनिरीक्षक विपुल गुर्जर व सिपाही सचिन परमार की मदद से बेड़ागांव तिराहा के पास उसे गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में मुकेश के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 वोर व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस द्वारा धारा 127(2)352/ 351(2 /115(2)/ 76 बीएनएस व 9रू10 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर अभियुक्त को जेल भेज दिया।

# घायल मजदूर महिला की तहरीर पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

■ कोंच

कोतवाली पुलिस ने घायल महिला मजदूर की तहरीर पर बबलू अग्रवाल बेदी निवासी मुहल्ला जवाहर नगर के खिलाफ धारा 125, 281 में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।कोतवाली पहुंची महिला मजदूर नसरीन पत्नी मुन्ना निवासी नया पटेल नगर ब्लॉक कालौनी ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि रेलवे स्टेशन के पास बबलू अग्रवाल बेदी के निर्माणाधीन मकान में वह मजदूरी कर रही थी। 2 फरवरी की शाम काम जल्दी खत्म करने की जल्दबाजी में अव्यवस्थित रूप से रखी गयी गिट्टी से भरी बोरी तीसरी मंजिल से नीचे आकर उसके ऊपर गिर पड़ी जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गयी। उसने गरीबी का हवाला देकर राजकुमार से इलाज कराने की बात कही तो उसने इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था और खुद मौके से भाग गया था। बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों ने झाँसी जाने के लिए कहा जिसके बाद उसने बबलू से रुपये मांगे तो उसने रुपये देने से साफ़ मना कर दिया। महिला मजदूर ने पुलिस को बताया था कि उसका पति मानसिक रूप से बीमार रहता है जिसके चलते वह मजदूरी कर 3 नाबालिग बच्चों का भरण पोषण करती है और उसके घायल हो जाने से बच्चे अब भूख से परेशान हैं।पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

## दबंग ने सरकारी हेंडपम्प में पानी भरने गई युवती के साथ की मारपीट

**जालौन-उरई।** सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप डाल कर कब्जा करने एवं पानी भरने गई युवती के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता की मां ने पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी राजेश्वरी ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बगल में सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। इस सरकारी हैंडपंप में मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने सबमर्सिबल पंप डाल रखा है। उनकी बेटी जब हैंडपंप पर पानी भरने गई तो वहां मौजूद उपरोक्त व्यक्ति व उसके साथियों ने बेटी को पानी भरने से मना कर दिया। जब बेटी ने कारण पूछा तो रंगबाजी दिखाते हुए गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट भी कर दी । पीड़िता ने बताया कि यह मामला पास ही में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी देखा जा सकता है। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# माघ पूर्णिमा पर मां गंगा का पूजन व मां गंगा को प्रदूषण रहित का लिया संकल्प

■ कानपुर

जन जागृति मंच के अध्यक्ष विनोद मिश्र के नेतृत्व में माघी पूर्णिमा के अवसर पर सरसैया घाट में मां गंगा का पूजन एवं महा आरती कर दीपदान किया गया इस अवसर पर उपस्थित मां गंगा के भक्तों को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष एवं दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य विनोद मिश्र ने कहा माघ पूर्णिमा माघ मास का अंतिम दिन होता है मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु माता लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है इस दिन गंगा स्नान करने एवं दान पुण्य करने से व्यक्ति को जीवन के संकटों से मुक्ति मिलती है कहा जाता है कि इस दिन देवी देवता भी गंगा स्नान करने के लिए धरती पर आते हैं इसलिए माघ पूर्णिमा को बेहद पवित्र और प्रभावशाली माना जाता है शास्त्रों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान अत्यंत फलदाई माना जाता है माघ मास में भगवान विष्णु जल में निवास करते हैं मंच अध्यक्ष विनोद मिश्र ने कहा कि हमारी संस्था समय-समय पर मां गंगा जी की आरती गंगा घाटो पर स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को प्रदूषण रहित गंगा प्रदूषण रहित कानपुर हेतु जागरूक करती है मां गंगा सामान्य नदी नहीं बल्कि मोक्षदायिनी है हमको गंगा में गंदगी कचरा नहीं बहाना चाहिए मूर्तियों का विसर्जन नहीं करना चाहिए घाटों की सफाई रखनी चाहिए इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनोद मिश्र, प्रकाश वीर आर्य ,दीनानाथ दुबे ,राजेंद्र गुप्ता दीपक श्रीवास्तव , कृष्णा दीक्षित बड़े जी, डॉक्टर हेमंत मोहन, कृष्ण जी शुक्ला एडवोकेट, पूर्व पार्षद गुरु नारायण गुप्ता, विम्मी गुप्ता आदि उपस्थित थे।



# पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

## पशु पालकों को विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

■ कोंच

तहसील क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार अवस्थी के आतिथ्य में किया गया।शिविर में उपस्थित पशु पालकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में बताया गया। दुधारू पशुओं में दूध की गुणवत्ता, बीमार पशुओं की दवा और खानपान, पशु वैक्सीनेशन, पशुओं से सूक्ष्म रोजगार के अवसर जैसे प्रमुख बिंदुओं पर पशु पालकों को अहम जानकारियाँ प्रदान की गयीं। भेंड़, बकरी, सुअर आदि पालन के बारे में भी पालकों को जागरुक किया गया। शिविर में लाए गए तमाम पशुओं को क्रमिनाशक दवापान के साथ ही टीकाकरण और बधियाकरण किया गया। एसडीएम और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने गौवंश का पूजन भी किया। इस मौके पर एसडीएम ने पशु पालकों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर देश व समाज की तरक्की में अपना योगदान दें। शिविर में डॉ अटल सिंह यादव, डॉ रूपेन्द्र, प्रधान प्रतिनिधि संदेश निरंजन, मोहित निगम, अजय सिंह, केश कुमार, अरविंद, जगपाल, मोहित आदि मौजूद रहे।



# मंदिर में पूजा को लेकर हुए विवाद एवं फायरिंग में पुलिस ने किया दोनो पक्षों पर मामला दर्ज

■ कोंच

सर्किल के नदीगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी बुजुर्ग में पूजा को लेकर हुए विवाद में नदीगांव थाना पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक पक्ष से श्यामबाबू पुत्र गणेश प्रसाद ने मामला दर्ज कराया है उन्होने अपने प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव में हनुमानजी का मंदिर है जिसमें रामेश्वर दयाल पुत्र रामस्वरूप ने ताला लगा दिया था। इसी बात को लेकर उसके भाई लालजी के बीच झगड़ा हुआ। रामेश्वर और उसके बेटों आशीष व अमरदीप तथा करीब आधा दर्जन अन्य लोगों ने मिलकर लालजी के साथ मारपीट करते हुए जमीन पर पटक दिया। हल्ला गुल्ला सुनकर वह मौके पर पहुंचा तो रामेश्वर हाथ में लाइसेंसी राइफल लिए था और उसके बेटे आशीष के हाथ में रिवॉल्वर थी एवं अन्य कुछ लोगों के हाथों में तमंचे थे। जान से मारने की नीयत से तमंचे से उसके भाई देवेंद्र के ऊपर फायरिंग की गई, गोली देवेंद्र के सिर पर लगी जिससे वह घायल हो गया। उन लोगों ने कई राउंड फायरिंग की जिससे लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 109 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष से अमरदीप पुत्र रामेश्वर दयाल ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि मंगलवार शाम वह अपने घर के सामने खड़ा था तभी लालजी पुत्र गणेश, उसका बेटा अनिकेत, अनुज पुत्र श्यामलाल, देवेंद्र पुत्र गणेश प्रसाद उसके पिता रामेश्वर दयाल से मंदिर के बारे में बात करने लगे। तभी अचानक उन चारों ने पिता रामेश्वर दयाल पर हमला बोल दिया और मारपीट करने लगे। वह बचाने गया तो उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 333, 115(2), 352, 351(2) बीएनएस में मुमदमा दर्ज कर लिया है।

## सार संक्षेप

### अनिल विज ने बड़ौली को दिया 'कारण बताओ नोटिस' का जवाब

**अंबाला:** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बुधवार को कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के 'कारण बताओ नोटिस' का जवाब दे दिया है। विज ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह शहर से बाहर थे और मंगलवार रात लौटते ही उन्होंने जवाब बनाया और भेज दिया। विज ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जवाब में उन्होंने क्या लिखा है। उन्होंने किसी भी और सवाल का जवाब देने से भी इनकार कर दिया। यह पूछने पर कि पार्टी प्रदेशाध्यक्ष का कारण बताओ नोटिस लीक कैसे हुआ, उन्होंने कहा कि पार्टी चाहे तो इसकी जांच करवा सकती है। कुछ दिन पहले विज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर टिप्पणी की थी कि वह हमेशा अपने उड़न खटोले पर रहते हैं और उन्हें जमीन पर जनता की समस्याओं का पता नहीं होता।

### संत रविदास ने समानता, सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया: सैलजा

**भूना:** कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने बुधवार को कहा कि संत गुरु श्री रविदास न केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि समाज में समानता और प्रेम का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक भी थे। कुमारी सैलजा फतेहाबाद के भूना में गुरु श्री रविदास समाज सेवा समिति की ओर से संत श्री गुरू रविदास मंदिर और धर्मशाला में आयोजित जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज को बिना भेदभाव के प्रेम और एकता की सीख दी, जिसके कारण वे भक्ति मार्ग के प्रमुख संतों में गिने जाते हैं। उनकी शिक्षाएं समानता, विनम्रता और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देती हैं, जो एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक हैं। उनके जीवन और शिक्षाओं को समझने की जरूरत है, इस राह पर चलकर ही हम अपने समाज, देश और बच्चों के भविष्य को संवार सकते हैं।

### पैसा मेरी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से आ रहा है: प्रशांत किशोर

**पटना:** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से उनकी पार्टी पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पैसा उनकी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से आ रहा है। किशोर ने बुधवार को कहा ₹लोग पूछ रहे हैं कि वह इतना पैसा कहां से ला रहे हैं। मैंने कभी ठेकेदारी नहीं की, न कभी विधायक, सांसद बना। न ही मैं किसी सरकारी पद पर रहा और न ही मैं आईएएस या आईपीएस रहा। मेरे पास जो कुछ भी है वह मेरी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से है और हम सब जानते हैं कि जिस पर सरस्वती जी की कृपा होती है उसके पास लक्ष्मी जी अवश्य आती हैं। किशोर ने स्पष्ट कहा कि बिहार के इस बेटे के पास जो कुछ भी है, वह उसने अपनी बुद्धि से कमाया है, उनके पिताजी ने नहीं दिया है, जिससे बिहार का कोई भी युवा कमजोर न रहे।उन्होंने कहा कि क्या पैसा सिर्फ गुजरात के लड़कों के पास रहेगा। बिहार के लड़कों का वोट, बिहार के लड़कों की ताकत, बिहार के लड़कों की आवाज और पैसा गुजरात के लड़कों के पास, ये अब नहीं चलेगा। बिहार के लड़के मजदूरी करने के लिए पैदा नहीं हुए हैं।

### निजी बस पलटने से 22 यात्री घायल

**जयपुर:** राजस्थान में राजसमंद जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र में देसूरी की नाल में एक निजी बस पलटने से 22 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बस में सवार सभी यात्री पाली जिले के रहने वाले हैं। सभी यात्री प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे थे कि गत रात्रि करीब बारह बजे देसूरी-चारभुजा नाल मार्ग में पंजाब मोड़ पर पलट गई। पुलिस ने बताया कि बस में सवार नौ पुरुष, नौ महिलाएं तथा चार बच्चे घायल हो गए। हादसे में घायल 21 लोगों को राजसमंद के आर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को उदयपुर रेफर किया गया है।

### हिसार में युवक-युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**हिसार:** हरियाणा में हिसार जिला में एक युवक-युवती ने रामायण गांव रेलवे फाटक के पास ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। रेलवे पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात एक युवक और युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उन्होंने बताया कि युवक की उम्र करीब 26 वर्ष और युवती की उम्र 23 वर्ष के आसपास है। पुलिस का अनुमान है कि दोनों आसपास के ही इलाके से हैं। फिलहाल हांसी पुलिस और जीआरपी मिलकर जांच कर रहे हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि अभी तक दोनों की पहचान नहीं हो पाई है और उनके बीच के संबंध की भी जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस दोनों के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। परिवार के सदस्यों के मिलने के बाद उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एक और घटना में हिसार में आज तड़के रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला। घोडा फार्म मार्ग पर स्थित रेलवे ट्रैक पर 35 वर्षीय युवक का शव मिला।

# महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के फैसले का किया स्वागत

● श्रीनगर,



**जम्मू**-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें कहा गया है कि किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए पासपोर्ट देने से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि परिवार का कोई सदस्य आतंकवाद में शामिल था।

मुफ्ती ने 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में यात्रा प्रतिबंधों को हथियार बनाने की कड़ी आलोचना करते हुए फैसले को 'सही दिशा में कदम' करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केवल एक आतंकवादी से संबंधित होने के कारण किसी व्यक्ति को पासपोर्ट देने से इनकार नहीं करने का माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय निश्चित रूप से सही दिशा में एक कदम है। यह देखते हुए कि जम्मू-कश्मीर में 2019 के बाद से यात्रा के बुनियादी मौलिक अधिकार को भी बेरहमी से हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में पासपोर्ट देने से इनकार करना एक आम बात हो गई है, जिससे न केवल आतंकवादियों से जुड़े लोग बल्कि पत्रकार, छात्र और नौकरी चाहने वाले भी प्रभावित हो रहे हैं। गौरतलब है कि पासपोर्ट कार्यालयों में अनगिनत मामले लंबित हैं जो सीआईडी विभाग से मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। न केवल ऐसे व्यक्तियों को बल्कि पत्रकारों, छात्रों और नौकरी चाहने वालों को भी पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया जाता है।



पटना में विकास मित्रों के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ।

# मोदी ने भारतीय वीरों को दी श्रद्धांजलि

## मोदी और मैक्रों ने की रक्षा,असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा

● मार्सिले ( फ्रांस), वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की तथा प्रौद्योगिकी एवं नवान्वेषण के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया।

पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद दोनों नेताओं ने एक ही विमान में मार्सिले के लिए एक साथ उड़ान भरी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों के पूर्ण स्पेक्ट्रम पर चर्चा की। इसके बाद मार्सिले पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो पिछले 25 वर्षों में लगातार बहुआयामी संबंधों में विकसित हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। दोनों नेताओं ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। साझीदारी का यह क्षेत्र हाल ही में संपन्न एआई एक्शन समिट और 2026 में आगामी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की पृष्ठभूमि में अधिक प्रासंगिक हो गया है। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का भी आह्वान किया और इस संबंध में 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम की रिपोर्ट का स्वागत किया। मोदी और मैक्रों ने स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में चल रहे सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में और अधिक प्रगाढ़ करने तथा वैश्विक मंचों तथा पहलों में भागीदारी के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के बाद भारत-फ्रांस संबंधों के लिए आगे के मार्ग को रेखांकित करने वाला एक संयुक्त वक्तव्य अपनाया गया। प्रौद्योगिकी और नवाचार, नागरिक परमाणु ऊर्जा, त्रिकोणीय सहयोग, पर्यावरण, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में दस समझौता ज्ञापनों को भी अंतिम रूप दिया गया। मैक्रों ने मार्सिले के पास तटीय शहर कैसिस में प्रधानमंत्री के सम्मान में रात्रिभोज की मेजबानी की। प्रधानमंत्री ने मैक्रों को भारत आने का न्योता दिया। मार्सिले में मोदी और मैक्रों ने बुधवार सुबह मजारगेस युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# गौतम अडानी के लिए नियमों का उल्लंघन कर रही सरकार: कांग्रेस

### भाजपा के छद्म राष्ट्रवाद का चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है: खड़गे

● नई दिल्ली,



**कांग्रेस** ने कहा है कि मोदी सरकार अपने चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक ऊर्जा परियोजना का काम देकर देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि राष्ट्रवाद की बात करने वाले अपने मित्र अरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीमा से महज एक किलोमीटर दूर उद्योगपति अडानी को देश की सबसे बडी सौर ऊर्जा परियोजना सैन्य विशेषज्ञों की सलाह को अनदेखा करके सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि भाजपा का छद्म राष्ट्रवाद चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। अपने चहेते अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।₹ उन्होंने सवाल किया,₹क्या यह सच है कि आपने सीमा सुरक्षा नियमों में ढील देकर अपने 'प्रिय मित्र' को पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सिर्फ एक किमी की बहुमूल्य रणनीतिक भूमि उपहार में दी है। क्या यह सच नहीं है कि आपकी सरकार ने न केवल भारत-पाकिस्तान सीमा पर, बल्कि बांग्लादेश, चीन, म्यांमार और नेपाल से लगी भूमि पर भी ऐसे नियमों में ढील दी है, जिससे हमारी सामरिक और सीमा सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। याद रखें, यह आप ही हैं जिन्होंने कहा था कि 'कोई भी हमारे क्षेत्र में नहीं घुसा' जब देश के 20 बहादुरों ने लद्दाख में चीन से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। यदि खदानें बिछाने, टैंक रोधी और कार्मिक रोधी तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता हो तो तब क्या होगा।

### अंगोला में हैजा का प्रकोप, 110 की मौत

**लुआंडा:** अंगोला में जनवरी की शुरुआत में प्रकोप शुरू होने के बाद से हैजा के 3,402 मामले और 114 मौतें दर्ज की गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार की दैनिक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। अंगोला में एक फरवरी से प्रतिदिन 100 से अधिक नए हैजा के मामले सामने आ रहे हैं, जो 8 फरवरी को 295 पर पहुंच गये । हालांकि, संक्रमण की पुष्टि के लिए प्रयोगशाला परीक्षण सीमित है, प्रति दिन केवल 20 नमूनों का विश्लेषण किया जाता है।सात जनवरी को फैलने के बाद से यह बीमारी कई प्रांतों में फैल गई है, जिसमें लुआंडा और पड़ोसी बेंगो प्रांत सबसे अधिक प्रभावित हैं। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के महामारी विज्ञान बुलेटिन के अनुसार, 925,000 से अधिक लोगों को हैजा के खिलाफ टीका लगाया गया है।

### शिव मंदिर में मांस मिलने से तनाव

**हैदराबाद:** तेलंगाना के हैदराबाद के तप्पाचबूतरा इलाके में बुधवार को अज्ञात बदमाशों की ओर से हनुमान मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में मांस का एक टुकड़ा फेंकने के बाद तनाव फैल गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस इलाके में तनाव उस दौरान व्याप्त हुआ, जब सुबह दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस मंदिर में मांस का टुकड़ा देखा। उन्होंने शोर मचाया, जिसके सुनते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर में एकत्र हो गए, सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया गया और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। मंदिर के कर्मचारियों और श्रद्धालुओं ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। हैदराबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त विक्रम सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### टमाटर की परिवहन लागत देगी सरकार

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने किसानों के हित में उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच टमाटर की परिवहन लागत का भुगतान करने का फैसला किया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरकार ने टमाटर के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना के परिवहन लागत चुकाने को मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और अन्य प्रमुख उत्पादक राज्यों में टमाटर की गिरती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के परिवहन प्रावधान को लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच टमाटर,प्याज और आलू - टॉप फसलों की कीमत में अंतर को कम करने के लिए परिवहन लागत का भुगतान किया जाता है।



पटना में माघ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के बाद प्रार्थना करती श्रद्धालुओं ।

# 'मंत्री के फोन टेप मामले में सरकार दे जवाब'

### कहा- किसी भी व्यक्ति की निजता का हनन कोई सरकार नहीं कर सकती

● जयपुर,



**राजस्थान** के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राज्य में एक मंत्री का फोन टैप होने के मामले को गंभीर विषय बताते हुए कहा है कि इस मामले में राज्य सरकार को जवाब देना चाहिए।

पायलट ने बुधवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि यह मामला सदन में उठाया गया लेकिन सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में फोन टैप होने का आरोप लगाने वाले मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा को भी इस बात का भी खुलासा करना चाहिए कि उन्हें इस मामले की जानकारी किसने दी। उन्होंने कहा कि यह इतना आसान नहीं हैं और यह गंभीर मामला हैं जिस पर पार्टी स्तर पर कार्यवाही करना पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एक मंत्री जिन्होंने आरोप लगाया है कि उनका फोन टैप हो रहा है। किसी भी व्यक्ति की निजता का हनन कोई सरकार नहीं कर सकती। जब एक नागरिक जो सरकार का एक मंत्री है और सार्वजनिक मंच से इस मामले में बोल रहा है लेकिन सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है। सरकार का मंत्री सरकार का नुमाइंदा होता है और उसका मतलब है कि सरकार खुद बोल रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री पर संगठन की कार्यवाही एक निजी मामला है लेकिन सरकार के एक मंत्री यह दावा करते हैं कि उनके पास पुख्ता सबूत है लेकिन सरकार जवाब नहीं दे रही है, पूरा प्रदेश और देश जानना चाहता है कि आरोप का सच क्या है। सरकार में बैठा मंत्री खुद कह रहा है कि उनका फोन टैप हो रहा है और सरकार ने मजाक बना रखा है। पायलट ने कहा कि कहा कि विधानसभा का सत्र जारी है और हमारे दल ने सदन में जिस तरह से मांगों को उठाया लेकिन सरकार के पास उसका कोई जवाब नहीं है।

# न्यायपूर्ण विश्व के लिए भारत प्रतिबद्ध: सावित्री ठाकुर

## केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने किया न्यूयॉर्क में सामाजिक विकास आयोग के 63वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व

● नई दिल्ली,



**भारत** ने वैश्विक प्रगति में तेजी लाने तथा सभी के लिए न्यायपूर्ण विश्व की दिशा में प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मामले में कोई भी पीछे नहीं छूटना चाहिए।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने मंगलवार देर रात अमेरिका के न्यूयॉर्क में सामाजिक विकास आयोग के 63वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एकजुटता और सामाजिक सामंजस्य को मजबूत बनाने पर बल दिया। मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' को अपनाया है और महिलाओं को विकास की दिशा तय करने में प्रमुख भूमिका निभाना सुनिश्चित किया है। उन्होंने एकजुटता और सामाजिक सामंजस्य को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि इस मामले में कोई भी पीछे नहीं छूटे। यह बैठक 10 से 14 फरवरी तक आयोजित किया जा रही है। इस सत्र का उद्देश्य समावेशी सामाजिक नीतियों को आगे बढ़ाने और वैश्विक सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए सामाजिक विकास चुनौतियों पर चर्चा और सहयोग को प्रोत्साहित करना है। इस सत्र में फ्रांस, तुर्की, सऊदी अरब, स्वीडन आदि जैसे 16 देशों के मंत्रियों सहित 49 देशों ने भाग लिया। ठाकुर ने कहा कि भारत 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के दृष्टिकोण से प्रेरित है, जिसमें समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जन धन, आधार, मोबाइल के जुडाव से भारत ने वंचित समुदायों, विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के लिए वित्तीय समावेशन हासिल किया है। देश ने ह्व महिलाओं के नेतृत्व वाले विकासह्व को भी अपनाते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि विकास की गति को आकार देने में महिलाएं प्रमुख भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भारत ने लैंगिक डिजिटल विभाजन को समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम शुरु किये गये हैं। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा मिला है। इसने स्टार्ट-अप से लेकर स्थापित व्यवसायों तक लाखों महिला उद्यमियों को सशक्त बनाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं की कार्यबल भागीदारी बढ़ाना एक प्रमुख प्राथमिकता है। भारत के मजबूत सामाजिक सुरक्षा मॉडल में 26 सप्ताह का सवेतन मातृत्व अवकाश, तीन करोड़ 75 लाख माताओं के लिए मातृत्व लाभ, वन स्टॉप सेंटरों का एक नेटवर्क और एक एकीकृत राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन शामिल है। भारत की प्रारंभिक बचपन देखभाल, पोषण और शिक्षा पहलों से 10 करोड़ से अधिक बच्चे, माताएं और किशोर लड़कियां लाभान्वित हो रही हैं।




केंद्रीय रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में इथियोपिया की रक्षा मंत्री आयशा मोहम्मद (इंग्लैंड) के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

संपादकीय

# मुफ्त पर नाराज सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट को सरकार से सवाल करना चाहिए कि मुफ्त अनाज की जो योजना कोरोना में इसलिए शुरू की गई थी, जिससे कोई भूखा न मरे, अब तक क्यों जारी है?**

**सुप्रीम** कोर्ट कभी-कभी बहुत अच्छी बातें करता है, लेकिन सरकारें उन पर कान नहीं धरती और मनमानी करती रहती हैं। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि लोगों को अगर राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे तो इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। याचिका में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 750 से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की नजर में यह राजनीतिक बयानबाजी हो सकती है, लेकिन यह उन लोगों से जुड़ा मामला था, जो बेघर हैं और फुटपाथों पर सर्द रातें गुजारते हैं और अक्सर मर जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल सही है कि मुफ्त देकर क्या हम परजीवियों का एक वर्ग तैयार नहीं कर रहे हैं? मुफ्त की योजनाओं के चलते, लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है। यह सवाल तो सुप्रीम कोर्ट को सरकार से भी करना चाहिए कि मुफ्त अनाज देने की जो योजना कोरोना काल में इसलिए शुरू की गई थी, जिससे कोई भूखा न मरे, लेकिन उसे कोरोना खत्म होने के बाद भी क्यों तक जारी रखा गया है? क्या इससे राजनीतिक फायदा नहीं उठाया जा रहा है? केंद्र सरकार ने मुफ्त घर, मुफ्त अनाज, किसानों को सम्मान राशि देकर एक लाभार्थी वर्ग तैयार कर लिया है। राज्य सरकारें भी इसी राह पर चल पड़ी हैं। राजनीतिक दलों में होड़ मची है कि कौन ज्यादा मुफ्त देने का ऐलान करता है। विभिन्न योजनाओं का ऐलान करके महिलाओं के खातों में पैसा ट्रांसफर करने की बातें की जा रही हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई कहा, मैं एक किसान परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से ठीक पहले घोषित की गईं मुफ़्त सुविधाओं की वजह से किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं। तो क्या देश में निठल्लों की फौज तैयार की जा रही है?

पाठकवाणी

## खेलों की दुनिया में क्रिकेट का साम्राज्य

**क्रिकेट** अब केवल खेल नहीं, बल्कि सोने की खान बन चुका है। सत्य नडेला, सुंदर पिचाई, शांतनु नारायण और मुकेश अंबानी जैसे दिग्गजों का इसमें अरबों रुपये निवेश करना इस बात का प्रमाण है कि यह जुनून से अधिक व्यवसाय की अजेय सत्ता बन चुका है। जिन खेलों को कभी समान मंच पर देखा जाता था, वे आज क्रिकेट की चकाचौंध में धुंधले पड़ते जा रहे हैं। प्रश्न उठता है—आखिर क्यों केवल क्रिकेट? क्या अन्य खेलों की संभावनाएं शून्य हैं? क्रिकेट की लोकप्रियता अद्वितीय है। यह खेल सीमाओं से परे जाकर दुनिया के हर कोने में अपना परचम लहरा रहा है। 'द हंड्रेड' और टी20 जैसे छोटे और रोमांचक प्रारूपों ने इसे आकर्षण और आर्थिक समृद्धि का महासागर बना दिया है। जहां दर्शकों की बेशुमार भीड़ होती है, वहां विज्ञापनदाता और प्रायोजक अपने खजाने खोल देते हैं। प्रसारण अधिकारों की ऊंची कीमतें, ब्रांडिंग का सुनहरा अवसर और फ्रेंचाइजी मॉडल से क्रिकेट आज व्यवसाय की अभूतपूर्व गाथा लिख रहा है। लेकिन यह व्यवसायिक वर्चस्व अन्य खेलों के अस्तित्व पर भारी पड़ रहा है। हॉकी, फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी विधाएं भी अपार प्रतिभाओं से भरी हुई हैं, परंतु क्रिकेट की छाया में वे अपने हिस्से की रोशनी से वंचित हो रही हैं। यदि यही प्रवृत्ति जारी रही, तो भारत जैसे खेल-प्रधान देश में विविध खेलों का भविष्य संकट में पड़ सकता है।

**-प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**, बड़वानी (मप्र)

कुछ खास



दिल्ली की जनता ने किसी को नहीं हराया है, बल्कि अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाया है। अगर हम (आप और कांग्रेस) मिलकर चुनाव लड़ते तो नतीजे और भी बुरे होते। अगर 10 पार्टियां भी उनके साथ गठबंधन कर लेतीं तो भी अरविंद केजरीवाल हार जाते।

**-संदीप दीक्षित**, कांग्रेस नेता

आज का ट्वीट



''अच्छा हुआ हम मिल्कीपुर हार गए जिससे हम सबका भ्रम खत्म हो गया। अब लड़ाई लोकतंत्र और तानाशाही के बीच है। इस तानाशाही को 2027 में खत्म करना है।''

**-अफजाल अंसारी**

साइबरवर्ल्ड

## भीड़, अव्यवस्था और महापर्व

**भारत** में कुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा समागम है। लेकिन जैसे-जैसे यह आयोजन बढ़ता जा रहा है, इसकी व्यवस्थाएं भी सवालों के घेरे में आ रही हैं। प्रयागराज में जारी कुंभ 2025 की स्थिति देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यह महापर्व अब प्रशासनिक बदइंतजामी, अव्यवस्था और सरकारी खर्च के अपारदर्शी उपयोग का प्रतीक बनता जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन ने 'सुव्यवस्थित' कुंभ का दावा किया था। मगर हकीकत यह है कि घाटों, टेंट सिटी और रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के कोई ठोस उपाय नहीं दिख रहे। लाखों श्रद्धालु अपनी धार्मिक आस्था के चलते कुंभ में डुबकी लगाने आ रहे हैं, लेकिन इनके मार्गदर्शन और सुरक्षा के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। कई स्थानों पर श्रद्धालु रास्ता भटक रहे हैं, तो कहीं भगदड़ जैसे हालात बनते नजर आ रहे हैं। सूचना तंत्र का हाल यह है कि मेला क्षेत्र में न तो उचित साइनेज हैं, न ही पर्याप्त पुलिस बल, जो लोगों को सही दिशा दे सके। कुंभ मेले के आयोजन पर हर बार हजारों करोड़ रुपये खर्च होते हैं। दावा किया जाता है कि यह पैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा और सुविधाओं में लगाया गया है। लेकिन हकीकत में यह पैसा कहाँ जा रहा है, इसका जवाब किसी के पास नहीं। मेला क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी, कच्चे-पक्के टेंट, अव्यवस्थित जल निकासी और अस्थायी निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता साफ नजर आती है। तो फिर सवाल उठता है कि सरकार द्वारा आवंटित बजट का असल में उपयोग किस तरह हो रहा है? कुंभ मेला प्रभारी कौन है? इसकी सही जानकारी शायद ही किसी को हो। पूरे आयोजन की जवाबदेही किस पर है, यह स्पष्ट नहीं है। आम जनता के पास शिकायत करने या मार्गदर्शन लेने का भी कोई ठोस जरिया नहीं है। प्रशासन नाम मात्र का दिख रहा है, जबकि मेले की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदारों और अस्थायी कर्मचारियों पर छोड़ दी गई है। कुंभ एक आस्था का पर्व है, लेकिन अगर यही आस्था अव्यवस्था और लूटखसोट का साधन बन जाए, तो इस पर सवाल उठाना जरूरी हो जाता है।

**-रामानंद राय** की फेसबुक वॉल से

सामयिक

# हास्य में अश्लीलता का तड़का



**शाहीन सबा**

**हास्य अश्लीलता और अभद्रता में बदल जाता है, तो यह अपना मूल उद्देश्य खो देता है। भारत में हास्य को हमेशा एक उच्च स्थान प्राप्त रहा है, लेकिन वर्तमान में कुछ स्टैंड-अप कॉमेडियन इसे गंदे चुटकुलों, गालियों और असभ्य बातों का माध्यम बना रहे हैं। यह प्रवृत्ति समाज के नैतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा सकती है।**

भारत में हास्य और व्यंग्य की परंपरा सदियों पुरानी है। यह न केवल मनोरंजन का साधन रहा है, बल्कि समाज में व्याप्त विकृतियों और विसंगतियों पर तीखा प्रहार करने का एक सशक्त माध्यम भी रहा है। हिंदी साहित्य में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, हरिशंकर परसाई, शरद जोशी और काका हाथरसी जैसे लेखकों ने हास्य-व्यंग्य की परंपरा को समृद्ध किया, तो मंचीय कवियों में सुरेंद्र शर्मा और शैल चतुर्वेदी जैसे नाम लोकप्रिय हुए। इसके बाद फिल्म और टेलीविजन के दौर में जॉनी वॉकर, महमूद, राजू श्रीवास्तव, सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा जैसे कलाकारों ने हास्य को जन-जन तक पहुँचाया। लेकिन बीते कुछ वर्षों में, विशेषकर सोशल मीडिया और स्टैंड-अप कॉमेडी के उभार के साथ, एक नई प्रवृत्ति सामने आई है—हास्य के नाम पर बढ़ती हुई अश्लीलता। रणवीर इलाहाबादी जैसे कुछ स्टैंड-अप कॉमेडियन का विवाद इस प्रवृत्ति का सबसे ताजा उदाहरण है।

हास्य का उद्देश्य केवल हंसी-मजाक करना नहीं होता, बल्कि वह समाज में तनाव कम करने, लोगों को जोड़ने और मानवीय संवेदनाओं को हल्का करने का एक महत्वपूर्ण साधन भी होता है। भारतीय हास्य परंपरा हमेशा सभ्यता और शालीनता के दायरे में रही है। चाहे वह हरिशंकर परसाई की व्यंग्यात्मक शैली हो या राजू श्रीवास्तव के सामाजिक मुद्दों पर आधारित चुटकुले, इनमें कहीं भी अश्लीलता, द्विअर्थी संवाद या अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं था। इसके बजाय, ये हास्य कलाकार समाज की कमजोरियों को इस तरह उजागर करते थे कि लोगों को अपनी ही कमियों पर हंसने की प्रेरणा मिलती थी। लेकिन आज के दौर में कुछ स्टैंड-अप कॉमेडियन हास्य को सिर्फ एक भौंडे मजाक में बदल रहे हैं, जिसमें मयार्दा, शिष्टता और नैतिकता को दरकिनार कर दिया गया है।



पिछले कुछ वर्षों में स्टैंड-अप कॉमेडी का एक नया स्वरूप उभरा है, जिसमें कलाकार मंच पर खड़े होकर अपनी व्यक्तिगत ज़िंदगी, सेक्स, रिश्तों और राजनीति पर तीखे कटाक्ष करते हैं। हालांकि यह शैली पश्चिमी देशों में अधिक प्रचलित रही है, लेकिन भारत में भी इसे तेजी से अपनाया जाने लगा है। कुछ स्टैंड-अप कॉमेडियन, दर्शकों को हंसाने के लिए अपशब्दों, गालियों और सेक्सुअल कंटेंट का सहारा लेने लगे हैं। वे मानते हैं कि जब तक वे चौंकाने वाली बातें नहीं कहेंगे, तब तक लोग हंसेंगे नहीं। रणवीर इलाहाबादी का मामला इसी कड़ी में जुड़ा है, जहां उन पर लोगों के भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अभद्र भाषा के प्रयोग के आरोप लगे हैं। यह विवाद इस बात को दर्शाता है कि समाज में एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो इस तरह की कॉमेडी को अनुचित मानता है।

भारत एक सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील देश है। यहां परिवार के साथ बैठकर मनोरंजन का आनंद लेने की परंपरा रही है। टेलीविजन पर आने वाले हास्य शो, जैसे द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज या कॉमेडी नाइट्स विद कपिल, भले ही कभी-कभी व्यंग्यात्मक होते हैं, लेकिन उनमें परिवार के साथ बैठकर देखने लायक सामग्री होती थी। हालांकि, कुछ ऑनलाइन स्टैंड-अप कॉमेडियन अपने शो में इस सीमा को पार कर जाते हैं और सीधे-सीधे गाली-गलौच व यौन सामग्री परोसने लगते हैं।

पश्चिमी देशों में यह प्रथा आम हो सकती है, लेकिन भारतीय समाज में इसे स्वीकार करना आसान नहीं है। यहां आज भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक मयार्दाओं के भीतर ही देखा जाता है। जब हास्य की सीमा पार करके वह अश्लीलता और अभद्रता में बदल जाता है, तो यह समाज में असहजता और असहमति को जन्म देता है। आजकल डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया ने मनोरंजन के नए आयाम खोल दिए हैं। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट क्रिएटर्स को सेंसरशिप का डर नहीं रहता, इसलिए वे खुलकर बोलते हैं। उन्हें पता है कि विवादित कंटेंट से उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी और उनके वीडियो अधिक वायरल होंगे। ऐसे में, कई कॉमेडियन यह तर्क देते हैं कि उनकी कॉमेडी एक तरह की ₹सत्य बोलने की कला₹ है, लेकिन वास्तव में वे केवल सनसनीखेज और उत्तेजक सामग्री परोसकर अपनी लोकप्रियता बढ़ाने की कोशिश करते हैं।

कुछ कॉमेडियन तर्क देते हैं कि जब बॉलीवुड की फिल्मों में द्विअर्थी संवाद और अश्लीलता को जगह दी जाती है, तो स्टैंड-अप कॉमेडी को क्यों रोका जाए? लेकिन यह तर्क उचित नहीं है, क्योंकि किसी भी माध्यम में यदि समाज की नैतिकता और मयार्दा को ताक पर रखकर मनोरंजन किया जाएगा, तो यह समाज के लिए दीर्घकालिक रूप से हानिकारक होगा।

भारतीय समाज में हास्य की एक समृद्ध परंपरा रही है, जिसे बनाए रखना आवश्यक है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अर्थ नहीं कि समाज में असभ्यता को बढ़ावा दिया जाए। कला और अभिव्यक्ति का कार्य समाज को जोड़ना है, न कि उसे बांटना या भड़काना। कॉमेडी को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि वह मनोरंजन के नाम पर नैतिकता और सभ्यता की सीमा न लांघे। सरकार और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को भी इस दिशा में कदम उठाने होंगे। यदि फिल्मों और टीवी कार्यक्रमों के लिए सेंसर बोर्ड हो सकता है, तो स्टैंड-अप कॉमेडी और ऑनलाइन कंटेंट के लिए भी कुछ दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, ताकि हास्य अभद्रता की सीमा को पार न करे। हास्य का उद्देश्य केवल हंसाना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता और जागरूकता लाना भी होता है। लेकिन जब यह हास्य अश्लीलता और अभद्रता में बदल जाता है, तो यह अपना मूल उद्देश्य खो देता है। भारत में हास्य को हमेशा एक उच्च स्थान प्राप्त रहा है, लेकिन वर्तमान में कुछ स्टैंड-अप कॉमेडियन इसे गंदे चुटकुलों, गालियों और असभ्य बातों का माध्यम बना रहे हैं। यह प्रवृत्ति समाज के नैतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा सकती है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मनोरंजन के अधिकार का सम्मान करते हुए भी, यह आवश्यक है कि हास्य की मयार्दाओं का पालन किया जाए। यदि कॉमेडी समाज को जोड़ने और स्वस्थ मनोरंजन देने का काम करे, तो वह वास्तव में अपने उद्देश्य को पूरा करेगी। लेकिन यदि यह केवल विवाद और सनसनीखेजता पर आधारित हो, तो यह न केवल हास्य की गरिमा को ठेस पहुँचाएगी, बल्कि समाज में एक नकारात्मक प्रभाव भी डालेगी। इसलिए, हास्य को हमेशा शालीनता और गरिमा के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ताकि यह समाज के लिए सकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत बना रहे।

अमृतवाणी

## आदर्श राज्य



**चीन** में एक समय चोरों का बड़ा आतंक था। वहां का ची युंग नामक व्यक्ति किसी भी व्यक्ति का चेहरा देखकर बता देता था कि वह चोर है या नहीं। उसका यह कौशल देखकर वहां के राजा ने उसे राज्य के नागरिकों के निरीक्षण में लगा दिया। ची युंग ने अनेक चोरों को ढूंढ निकाला। राज्य में खुशहाली छा गई। राजा ने लाओ-त्जु से ची युंग की बड़ी तारीफ की और कहा, 'अब हर तरफ शांति है। अब मुझे न्याय-व्यवस्था पर कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ता।' उसी समय राज्य में कहीं दूर चोरों के एक दल ने ची युंग को मौत के घाट उतार दिया। राजा ने जब यह सुना तो वह भयभीत हो गया। वह लाओ-त्जु के पास गया और उससे बोला, 'ची युंग की हत्या हो गई है। अब मेरे राज्य की सुरक्षा खतरे में है।' लाओ-त्जु ने कहा, 'एक पुरानी कहावत है, अथाह समुद्र के तल में मछली पकड़ने वाले और गुप्त रहस्यों को व्यर्थ ही ढूंढने वाले अपने विनाश को निमंत्रण देते हैं। यदि आप चोरों और डाकुओं से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो प्रशासन में सज्जन व्यक्तियों की नियुक्ति करें। उन्हें निर्देश दें कि वे अपने से ऊपर वालों को मार्गदर्शन दें और अपने से नीचे वालों को शिक्षित करें। जब लोग विधि और नियमों का पालन करने लगेंगे, तो आपके राज्य में चोरों-डाकुओं के बनने का मार्ग स्वतः बंद हो जाएगा।' राजा ने लाओ-त्जु के बताए अनुसार प्रशासन में सुधार किए और धीरे-धीरे उसका राज्य आदर्श राज्य बन गया।

तीखी नजर

## प्यार के लिए साख है जरूरी



सुनील जैन राही

जब प्यार में सिबिल स्कोर की बात आई तो मैं सन्न रह गया? सिबिल स्कोर यानी व्यक्ति की साख। अरे भाई प्यार तो प्यार है? सिबिल स्कोर का क्या लेना देना? सिबिल स्कोर यानी मार्केट वैल्यू। प्यार की मार्केट वैल्यू यानी कितने चाहने वाले हैं? कौन आपकी साख के अनुसार उपयुक्त है? इसके अलावा आपकी साख आपके क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड पर निर्भर करती है। पे टी एम से पे भी हो जाता है। मार्केट की साख की तरह प्यार में भी बुल और बिअर होते हैं। कितनी डिमांड है, खपत की कितनी गुजाइंश है?

प्यार करने के दिन निश्चित हैं। हमारे समय में जब बापू घर में न हो, मां बाजार गई हो तो पड़ोसन से प्यार कर लें। बड़ा बेदर्द समय था। न मां-बाप पिकनिक पर जाते, न स्कूल वाले हमें पिकनिक पर ले जाते। जो कुछ करना है, मुहल्ले में ही प्यार के लिए झक (फीसिंग) मारना है। ज्यादा हुआ तो बगिया में चले गए, लेकिन 99 प्रतिशत जूते पड़ने की संभावना बनी रहती। खुदानखास्ता प्यार हो भी जाए तो विलन गाजरघास की तरह पैदा हो जाते। जिसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। अब तो खुद ही ब्रेकअप करके विलन की आसान भूमिका निभा लेते हैं। तू ना सही और सही? प्यार न हुआ व्यापार हो गया, जिसमें फायदा दिखा उससे कर लिया। पहले प्यार किया जाता था, नहीं हो जाता है। अब तो कुत्तों से प्यार भी करना पड़ता है होता नहीं है। पहले प्यार में सोचा नहीं जाता है, प्यार किससे किया जाए? औकात क्या है, क्या उससे प्यार करने के बाद साख बढ़ेगी या घटेगी? कल्लू से प्यार करो, जीन्स भले फटी हो लेकिन वालेट भरा हो। जब तक अपना वालेट खाली नहीं करना पड़े, प्यार की डगर पर बढ़ते रहो। जब वालेट पर खाली होने का आभास लगे तो समझ लो ब्रेकअप का समय आ गया है।

पहले-पहले प्यार की खुशबू जल्दी ठंडी बयार की तरह पूरे मुहल्ले में बह जाती थी। होता भी मुश्किल से था। नजरें बचाकर शरीर छुपाकर बिना किसी गिफ्ट की संभावना समर्पण से हो जाता था। पता ही नहीं चलता था, कब ये मन तन से बेइमान हो गया। अब तो मन बेइमान ही रहता है। बिना सोचे-समझे प्यार करने वाले मूर्ख की श्रेणी में आते हैं। लाइन में से छांटना होता है, किसे प्यार किया जाए? जिससे प्यार किया जाए तो कितने दिन की साख पर किया जाए? ब्रेकअप के बाद क्या रहेगा? वैसे प्यार करना कोई गुनाह तो नहीं है, इसलिए कभी भी कहीं भी और बार-बार किया जा सकता है। तन्हाई में प्यार हो नहीं पाता, 24 बाई 7 के लेवल में मोबाइल पर इश्क होता है। भ्रम पहले भी था, भ्रम अब भी है। फर्क बस इतना है कि पहले किताबों में प्रेम पत्र हुआ करते थे अब मोबाइल में मैसेज होता है। वेलेंटाइन डे की अपार सफलता के लिए जरूरी है कि सिबिल स्कोर यानी साख। वेलेंटाइन डे होगा या विरह की शाम। सब कुछ सिबिल स्कोर का मामला है। स्कोर अच्छा है तो वेलेंटाइन डे वेल्ला टाइम नहीं कभी नहीं होगा।

नजरिया

# मणिपुर में फेल हुई डबल इंजन की सरकार



निर्मल रानी

**देखना होगा कि गैर भाजपा शासित राज्यों को 'जंगल राज' व 'आपदा' सरकार बताने वाली भाजपा, मणिपुर में महा'आपदा' के रूप में विराजमान रहे मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने के बाद मणिपुर के लोगों को भयमुक्त करने व उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए क्या कदम उठती है।**



आठ फरवरी को जब दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हो रहे थे और भाजपा के साथ ही देश का मीडिया भी भाजपा की जीत के कसीदे बांचने में लगा था। देश को यह बताया जा रहा था कि दिल्ली से 'आप' दा जा चुकी है। ठीक उसी समय भाजपा हाईकमान द्वारा निर्देशित भाजपा की मणिपुर की सबसे 'आपदा ग्रस्त' डबल इंजन सरकार के मुख्यमंत्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह को त्यागपत्र देने हेतु निर्देशित किया जा चुका था, जिसे दिल्ली जीत के जश्न से ठीक अगले दिन यानी 9 फरवरी को अमल में लाया गया। पिछले छह महीनों से मैतेई, कुकी और नागा विधायक एक साथ मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन को पद से हटाने के लिए केंद्रीय नेताओं से बात कर रहे थे। खबरों के अनुसार गत 3 फरवरी को ही मणिपुर के 33 विधायकों ने, जिनमें 19 विधायक भाजपा के भी बताये जा रहे हैं, दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी दे दी थी। बल्कि यह भी बता दिया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्तव आने की स्थिति में भाजपा विधायक भी अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान कर सकते हैं। इसीलिए भाजपा नेतृत्व को भारतीय राजनीति के इतिहास के सबसे अकुशल,असफल व अकर्मण्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद से हटाना पड़ा। हां, मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के त्याग पत्र के बावजूद यह सवाल हमेशा बना रहेगा कि इतनी व्यापक व दीर्घकालिक अनियंत्रित हिंसा होने के बावजूद आखिर भाजपा नेतृत्व ने किन परिस्थितियों में उन्हें मुख्यमंत्री पद से पहले क्यों नहीं हटाया?

बीरेन सिंह पर जातीय हिंसा के दौरान पक्षपात करने का भी आरोप है। बीरेन सिंह स्वयं मैतेई समुदाय से आते हैं। कुकी जनजाति के एक व्यक्ति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यह आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में हिंसा भड़काई है। याचिकाकर्ता ने इससे सम्बंधित एक ऑडियो टेप भी अदालत में सबूत के तौर पर जमा कराया है। प्रयोगशाला 'ट्रुथ लैब्स' ने इस बात की पुष्टि भी की है कि इस ऑडियो टेप में 93 प्रतिशत आवाज बीरेन सिंह की आवाज से मेल खाती है। गोया बीरेन सिंह 'राजधर्म का पालन' न करने के भाजपा शासित इस राज्य में 3 मई 2023 से मैतेयी व कुकी समुदायों के बीच छिड़े जातीय हिंसक संघर्ष में जिस स्तर की हिंसा व अशांति देखनी पड़ी उसकी दूसरी मिसाल देश में कहीं भी देखने को नहीं मिलती। हिंसा, आगजनी, सामूहिक दुष्कर्म यहां तक कि हिंसक भीड़ द्वारा युवतियों की नग्न परेड कराने जैसी शर्मनाक घटनाएं घटीं। मंत्रियों, विधायकों व अन्य नेताओं के घरों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस थाने आग की भेंट चढ़े, यहां तक कि शस्त्रागार के हथियार तक उपद्रवी छीन ले गये। सैकड़ों लोग इस संघर्ष में मारे गए जबकि हजारों लोग विस्थापित भी हुए। परंतु मणिपुर का 'डबल इंजन' मूक दर्शक बना रहा। कानून व्यवस्था की यह स्थिति राज्य में उस समय पैदा हुई थी जबकि मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा में एन डी ए के पास 52 सीटें हैं जिसमें अकेली भाजपा के पास 37 सीटें हैं। राज्य सरकार के लिए इससे बेहतर बहुमत और क्या हो सकता था ?

बहरहाल मई 2023 से लेकर अभी तक जारी हिंसा के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी जहां तीन बार मणिपुर का दौरा कर हिंसा पीड़ितों के बीच जाकर वहां के लोगों से मिलकर हालात का जायजा ले चुके हैं, वहीं प्रधानमंत्री ने अभी तक एक बार भी हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा करना मुनासिब नहीं समझा। हद तो यह है कि राहुल गांधी व विपक्ष के तमाम प्रयासों के बावजूद सदन में मणिपुर पर चर्चा को भी टालने की कोशिशें हुईं। सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा मणिपुर की शर्मनाक घटनाओं को कांग्रेस शासित राज्यों से जोड़कर मणिपुर घटनाओं पर लीपापोती करने की कोशिश की गयी।।

बीरेन सिंह के त्यागपत्र के बाद मणिपुर में भाजपा के लिए राजनैतिक संकट खड़ा होना तो निश्चित है ही साथ ही अब यह भी प्रमाणित हो चुका है कि बीरेन सिंह पूरी तरह से मणिपुर हिंसा को नियंत्रित कर पाने में असफल रहे हैं। अन्यथा क्या कारण था कि 3 मई 2023 से लेकर अब तक हिंसा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल नहीं किया जा सका? इसी दीर्घकालिक हिंसा के कारण भाजपा के ही अधिकांश विधायक बीरेन नेतृत्व के विरुद्ध होते जा रहे थे। और मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी भाजपा विधायकों द्वारा ही की जा रही थी। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना थी कि कहीं मणिपुर बीजेपी के हाथ से निकल न जाये। क्योंकि राज्य में हिंसा की भेंट चढ़े लंबा समय बीत चुका है और समाधान के नाम पर कुछ भी सामने नजर नहीं आ रहा। ऐसे में प्रदेश बीजेपी के अंदर ही काफी मतभेद शुरू हो गए थे.₹बीजेपी के लोग ही मुख्यमंत्री बदलने की मांग कर रहे थे। आगामी 10 फरवरी से विधानसभा सत्र शुरू होते ही मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी पूरी हो चुकी थी। इसीलिये भाजपा नेतृत्व द्वारा दिल्ली चुनाव परिणाम के जश्न के बीच ही बीरेन सिंह से त्यागपत्र लेने का फैसला किया गया।

देखना होगा कि बंगाल सहित अन्य गैर भाजपा शासित राज्यों को 'जंगल राज' व 'आपदा ग्रस्त' सरकार बताने वाली भाजपा, मणिपुर में महा'आपदा' के रूप में विराजमान रहे मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने के बाद जातीय हिंसा में सुलगते मणिपुर के लोगों को भयमुक्त करने व उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिये क्या कदम उठती है। और देश की इस बात पर भी नजर रहेगी कि मणिपुर में 'डबल इंजन' की सरकार के बुरी तरह से फेल होने का प्रभाव भविष्य में पूर्वोत्तर की भाजपा की राजनीति पर क्या पड़ेगा।

## सार संक्षेप

### एलेना रयबाकिना के पूर्व कोच स्टेफानो वुकोव पर प्रतिबंध बरकरार

**लंदन** : दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना के पूर्व कोच स्टेफानो वुकोव पर डब्ल्यूटीए टूर प्रतिबंध को एक स्वतंत्र जांच में बरकरार रखा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, महिला टेनिस को नियंत्रित करने वाली संस्था डब्ल्यूटीए ने जनवरी में क्रोएशिया के वुकोव को कथित तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। मंगलवार को डब्ल्यूटीए ने पुष्टि की कि वुकोव का प्रतिबंध बरकरार रखा गया है हालांकि 37 वर्षीय कोच ने आरोपों को खारिज कर दिया है जबकि रयबाकिना ने कहा कि वुकोव ने कभी भी उनके साथ दुर्व्यवहार नहीं किया। डब्ल्यूटीए ने कहा कि इस प्रक्रिया के बाद, निलंबन बरकरार रहेगा। हालांकि निष्पक्ष और उद्देश्यपूर्ण तरीके से मामले से निपटने के लिए निकाय की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए, डब्ल्यूटीए ने अधिक विवरण देने से इनकार कर दिया। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि वुकोव पर प्रतिबंध कब तक जारी रहेगा और उन्होंने डब्ल्यूटीए के कोड के किस हिस्से का उल्लंघन किया है। वुकोव फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। इस फैसले का मतलब है कि रयबाकिना वुकोव को अपनी टीम में वापस नहीं ला पाएंगी जैसे कि उन्हे साल की शुरुआत में उम्मीद थी।

### गजांफर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम से बाहर

**काबुल** : अफगानिस्तान के आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को एक्स पर यह जानकारी साझा की। बोर्ड ने लिखा कि अफगानिस्तान की युवा स्पिन गेंदबाजी सनसनी, एएम गजनफर कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उन्हें अफगानिस्तान के हाल ही में जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लगी थी, और वह कम से कम चार महीने के लिए बाहर रहेंगे और इस अवधि के दौरान उपचाराधीन रहेंगें। बोर्ड ने लिखा कि नांग्याल खरोती, जो रिजर्व पूल का हिस्सा थे, को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मुख्य टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा मुजीब उर रहमान पूरी तरह से ठीक होने तक वनडे मैच से बाहर रहेंगे। बायें हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे अब तक सात वनडे और छह टी-20 मैच खेल चुके हैं।

### मैट कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध, होगी बायोमीट्रिक जांच

**सिडनी** : गेंदबाजी एक्शन को लेकर संदेह के घेरे में आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के स्पिन गेंदबाज मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच की जाएगी। आस्ट्रेलिया की मीडिया रिपोर्टस के अनुसार श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंपायरों ने कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया था और उन्होने इसकी शिकायत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से की थी। रिपोर्टस के अनुसार बायें हाथ के स्पिनर का गेंदबाजी एक्शन अगर अवैध पाया जाता है तो उन पर प्रतिबंध लग सकता है। कुहनेमन श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों में 16 विकेट चटका चुके हैं। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी ऑस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम जांच में सहयोग करेंगे। गौरतलब है कि कुहनेमन 2017 में पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेल चुके हैं लेकिन उनके गेंदबाजी एक्शन पर पहली बार सवाल उठे हैं।

### बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले मैच में भारत ने मकाऊ को हराया

**नई दिल्ली** : पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता भारत ने बुधवार को चीन के किंगदाओ स्पोर्ट्स सेंटर कॉन्सन जिम्नेजियम में ग्रुप डी में मकाऊ पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 अभियान की शुरुआत की। इस जोरदार जीत ने भारत की नॉकआउट चरण में जगह भी पक्की कर दी। अब वे ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए गुरुवार को ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में दो बार के उपविजेता दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। राष्ट्रीय खेलों के मिश्रित युगल के स्वर्ण पदक विजेता सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ ने शुरुआती मिश्रित युगल मुकाबले में लिओंग इओक चोंग और एनजी वेंग ची पर 21-10, 21-9 की जीत के साथ भारत के लिए जीत की बुनियाद रखी। लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल में पुई पैंग फोंग को 21-16, 21-12 से हराकर भारत की बढ़त बढ़ा दी, जबकि मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में चान हाओ वाई पर 21-15, 21-9 की शानदार जीत के साथ भारत की नॉकआउट सीट पक्की कर दी। भारत ने एमआर अर्जुन और चिराग शेट्टी की नई पुरुष युगल जोड़ी को मैदान में उतारा, जिन्होंने मकाऊ के पुई ची चोन और वोंग कोक वेंग को 21-15, 21-9 से हराकर स्कोर 4-0 कर दिया। गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने एनजी वेंग ची और पुई ची वा पर 21-10, 21-5 की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में भारत की शानदार शुरुआत में जोश भर दिया।

### टोरेंट समूह गुजरात टाइटंस में हासिल करेगा बड़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली** : खेल क्षेत्र में अपने प्रवेश को दर्शाते हुये टोरेंट ग्रुप ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी, गुजरात टाइटन्स में इरेलिया कंपनी पीटीई लिमिटेड से 67 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। कंपनी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि यह लेनदेन प्रथागत समापन शर्तों और अनुमोदन (बीसीसीआई सहित) के अधीन है। सौदे के हिस्से के रूप में, इरेलिया फ्रेंचाइजी में 33 प्रतिशत की पर्याप्त अल्पसंख्यक हिस्सेदारी बरकरार रखेगी। टोरेंट समूह ने कहा कि भारत के अग्रणी व्यावसायिक समूहों में से एक और विश्व स्तर पर प्रसिद्ध निजी इक्विटी फर्म के बीच यह रणनीतिक साझेदारी भारत के खेल क्षेत्र में अपनी तरह की पहली साझेदारी है और इससे विकास और सहयोग के रोमांचक अवसर खुलेंगे।

### हरियाणा के खिलाफ यूपी को मिली हार

**लखनऊ** : मेजबान यूपी करम को 35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब-जूनियर (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन अपने दूसरे मुकाबले में बुधवार को एमएम सिंह अकादमी (हरियाणा) के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, गुरमानवदीप सिंह की शानदार हैट-ट्रिक की बदौलत राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने एमएम स्पोर्ट्स क्लब, हरियाणा को 5-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में यूपी करम ने हरियाणा के खिलाफ बढ़त के साथ शुरुआत की। यूपी टीम से 13वें मिनट में राज बेनवंशी ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड का सफाया

## गिल ने जड़ा शतक, कोहली-अय्यर का पचासा, भारत ने 3-0 से जीती वनडे सीरीज

● अहमदाबाद,

**शुभमन** गिल (112) और श्रेयस अय्यर (78) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के कातिलाना अंदाज की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां श्रृंखला के तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर 19 फरवरी से शुरु होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपने मजबूत इरादों का इजहार किया।



नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर भारत ने पहले खेलते हुए 356 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में इंग्लैंड की पारी 34.2 ओवर में 214 रन बना कर सिमट गयी। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृखंला 3-0 से अपने नाम कर ली। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने अंतिम मैच में विराट कोहली (52) ने अपनी खोई फार्म को हासिल कर लिया,जिससे कोच गौतम गंभीर समेत समूचे भारतीय खेमे में संतोष का भाव नजर आया। कोहली को हालांकि आज भाग्य का सहारा भी मिला और कुछ मौकों पर वह अपना विकेट बचाने में सफल रहे। उन्हे आदिल राशिद (64 रन पर चार विकेट) ने एक बार फिर अपना शिकार बनाया। कप्तान रोहित शर्मा मात्र एक रन ही बना सके। उधर, शुभमन गिल ने इंग्लैंड आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ी। अपने एकदिवसीय करियर का सातवां शतक मात्र 95 गेंदों पर पूरा किया। वह नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में शतक जड़ने वाले इकलौते भारतीय बन गये हैं। राशिद का शिकार बनने से पहले उन्होने अपनी शतकीय पारी में 14 चौके और तीन छक्के जड़े। कोहली के आउट होने के बाद दूसरे छोर पर आकर डटे श्रेयस अय्यर ने गिल का भरपूर साथ दिया और मात्र 64 गेंदों की पारी में आठ चौके और दो छक्के कूट दिये। वह भी आदिल रशीद की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। केएल राहुल (40) ने आक्रामक बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये अंग्रेज गेंदबाजों की जमकर धुनायी गयी हालांकि उनकी 29 गेंदों की संक्षिप्त पारी का समापन साकिब महमूद ने किया। बाद में रन औसत बढ़ाने के चक्कर में भारतीय एक के बाद एक अपना विकेट गंवाते रहे और उसकी पूरी पारी 50वें ओवर की अंतिम गेंद पर सिमट गयी। इंग्लैंड की ओर से आदिल सबसे सफल गेंदबाज बने जबकि मार्क वुड ने दो भारतीयों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। गस एटकिंसन,जो रुट और साकिब महमूद को एक एक विकेट मिला। जवाब में बेन डकट (34) और फिल साल्ट (23) ने पहले विकेट के लिए लगभग दस रन प्रति ओवर की दर से 60 रन जोड़ लिये थे जिसे देखकर लग रहा था कि मुकाबला करीबी होगा मगर अर्शदीप सिंह (33 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में दोनो सलामी बल्लेबाजों को आउट कर मेहमान टीम को करारा झटका दिया। बाद में टॉम बैंटन (38) और जो रुट (24) ने पारी को पटरी में लाने का प्रयास किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का साल्ट बो वुड | 01 | 2 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल बो रशीद | 112 | 102 | 14 | 3 |
| कोहली का साल्ट बो रशीद | 52 | 55 | 7 | 1 |
| श्रेयस अय्यर साल्ट बो रशीद | 78 | 64 | 8 | 2 |
| केएल राहुल पगबाधा बो महमूद | 40 | 29 | 3 | 1 |
| हार्दिक पंड्या बो रशीद | 17 | 9 | 0 | 2 |
| अक्षर पटेल का बैंटन बो रूट | 13 | 12 | 2 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर का ब्रूक बो वुड | 14 | 14 | 1 | 0 |
| हर्षित का बटलर बो एटकिंसन | 13 | 10 | 1 | 1 |
| अर्शदीप सिंह रनआउट | 02 | 2 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन

कुल : 50 ओवर में 356 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-6, 2-122, 3-226, 4-259, 5-289, 6-307, 7-333, 8-353, 9-353, 10-356

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| साकिब महमूद | 10 | 0 | 68 | 1 |
| मार्क वुड | 9 | 1 | 45 | 2 |
| गस एटकिंसन | 8 | 0 | 74 | 1 |
| जो रूट | 5 | 0 | 47 | 1 |
| आदिल रशीद | 10 | 0 | 64 | 4 |
| लियाम लिविंगस्टोन | 8 | 0 | 57 | 0 |

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का पटेल बो अर्शदीप | 23 | 21 | 4 | 0 |
| बेन डकेट कॉट शर्मा बो अर्शदीप | 34 | 22 | 8 | 0 |
| टॉम बैंटन का राहुल बो कुलदीप | 38 | 41 | 4 | 2 |
| जो रूट बो पटेल | 24 | 29 | 2 | 0 |
| हैरी ब्रूक बो हर्षित राणा | 19 | 26 | 1 | 1 |
| जोस बटलर बो हर्षित राणा | 6 | 9 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन स्टंप राहुल बो सुंदर | 09 | 23 | 1 | 0 |
| गस एटकिंसन बो पटेल | 38 | 19 | 6 | 1 |
| आदिल रशीद बो पंड्या | 00 | 5 | 0 | 0 |
| मार्क वुड का अय्यर बो पंड्या | 09 | 7 | 2 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 02 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12 रन

कुल : 34.2 ओवर में 214 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-60, 2-80, 3-126, 4-134, 5-154, 6-161, 7-174, 8-175, 9-193, 10-214

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 5 | 0 | 33 | 2 |
| हर्षित राणा | 5 | 1 | 31 | 2 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 5 | 0 | 43 | 1 |
| अक्षर पटेल | 6.2 | 1 | 22 | 2 |
| हार्दिक पंड्या | 5 | 0 | 38 | 2 |
| कुलदीप यादव | 8 | 0 | 38 | 1 |

# बुमराह के बाद यशस्वी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

● मुबंई, वार्ता

**टीम** इंडिया के मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये हैं वहीं अपने शानदार प्रदर्शन के बावजूद यशस्वी जायसवाल भी टीम इंडिया में में जगह बनाने में विफल रहे हैं। उनके स्थान पर कर्नाटक के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है।



बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने विज्ञप्ति के जरिये इन बदलाव की जानकारी दी है। उन्होने कहा कि पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर चयन समिति ने हर्षित राणा को नामित किया है। इसके अलावा टीम इंडिया ने वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में शामिल किया है। वह यशस्वी जयसवाल की जगह लेंगे जिन्हें शुरुआत में अस्थायी टीम में रखा गया था। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम इस प्रकार हैः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती। सुरक्षित वैकल्पिक खिलाड़ीः यशस्वी जयसवाल, मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे। जरूरत पड़ने पर तीनों खिलाड़ी दुबई जाएंगे। गौरतलब है कि वरुण चक्रवर्ती ने पिछले कुछ समय में अपने प्रदर्शन के दम पर चयनकर्ताओं को आकर्षित किया है। उन्होने अब तक 18 टी-20 मैचों में 33 विकेट झटके हैं जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गयी टी-20 सीरीज में लिये गये 11 विकेट शामिल है। उन्होने इंग्लैंड के खिलाफ एक दिवसीय मैच में एक विकेट झटका है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगा जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को खेला जाएगा। भारत अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड से दो मार्च को खेलगा।



# युगल मुकाबलों में महाराष्ट्र और तमिलनाडु का दबदबा

देहरादून

**उत्तराखंड** में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के टेबल टेनिस मुकाबलों में चौथे दिन जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। महिला, पुरुष और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में महाराष्ट्र और तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल में महाराष्ट्र की स्वस्तिका घोष और दिया चितले ने जबरदस्त वापसी करते हुए तमिलनाडु की नित्याश्री मणि और काव्याश्री भास्कर को 6-11, 8-11, 11-9, 11-7, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं फाइनल मुकाबला तमिलनाडु की दोनों जोड़ियों के बीच खेला गया, जिसमें साथियन ज्ञानशेखरन और अमलराज एंथनी ने अभिनंध पी.बी. और प्रेयश सुरेश राज को 8-11, 11-4, 5-11, 11-6, 11-7 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं मिश्रित युगल का फाइनल रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की जोड़ियां आमने-सामने होंगी।

### 38वें राष्ट्रीय खेल में जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, पदकों की बौछार

38वें राष्ट्रीय खेल में जूडो प्रतियोगिता में सभी भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पुरुषों और महिलाओं के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और पदकों के लिए कड़ी चुनौती दी। पुरुषों के प्लस 100 किग्रा वर्ग में सर्विसेज के यश विजयरन ने स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान आकर्षित किया, जबकि पंजाब के रितिक ने रजत पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र के आदित्य परब और हरियाणा के यश घंगास ने कांस्य पदक जीते।



महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग में छत्तीसगढ़ की इशरूप नारंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। केरल की अश्वथी पी आर ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि हरियाणा की रीतिका दहिया और मितलेश मितलेश ने कांस्य पदक जीते। महिलाओं के प्लस 78 किग्रा वर्ग में दिल्ली की तुलिका मान ने इस वर्ग में चैंपियन बनकर स्वर्ण पदक जीता। पंजाब की राजविंदर कौर ने रजत पदक जीता, जबकि मणिपुर की लैशराम रोशिनी और पश्चिम बंगाल की शांसा सरकार ने कांस्य पदक हासिल किया। जूडो स्पर्धा में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंदी को कड़ी चुनौती दी और बेहतर प्रदर्शन करके जूडो प्रतियोगिता में रोमांच भर दिया।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शानदार समापन, रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई नए रिकॉर्ड बनाए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न स्पधाओं में कड़े मुकाबले देखने को मिले और कई एथलीटों ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन से मंच पर अपनी छाप छोड़ी। गुजरात के रुचित मोरी ने पुरुषों की 400 मीटर हर्डल्स दौड़ में 50.97 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के हरदीप (51.02 सेकंड) और महाराष्ट्र के रोहन कांबले (51.77 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

महिलाओं की 400 मीटर हर्डल्स में तमिलनाडु की वित्त्या रामराज ने 58.11 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी राज्य की ही श्रीवर्धिनी एस.के. (59.86 सेकंड) ने रजत और महाराष्ट्र की नेहा धाबले (1:00.52) ने कांस्य पदक जीते।

# सबालेंका-गॉफ कतर ओपन में हारीं

## अलेक्जेंड्रोवा ने सबालेंका को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया

● दोहा, वार्ता

**विश्व** की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और नंबर तीन कोको गॉफ कतर डब्ल्यूटीए ओपन के दूसरे दौर में हार कर बाहर हो गई हैं।



दुनिया की 26वें नंबर की रूसी खिलाड़ी एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने तीसरे सेट में दो बार ब्रेक डाउन के बाद वापसी करते हुए तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका को 3-6, 6-3, 7-6 से हरा दिया। वहीं दुनिया में 21वें नंबर की यूक्रेनी खिलाड़ी मार्टा कोस्त्युक ने दूसरे सेट में 3-1 से पिछड़ने के बाद गौफ पर 73 मिनट में 6-2, 7-5 से सीधी जीत हासिल की। यूएस ओपन 2023 चैंपियन को सात डबल फॉल्ट और 39 अप्रत्याशित त्रुटियों के कारण हार का सामना करना पड़ा, जबकि वह सिर्फ आठ विनर लगाने में सफल रही। गौफ ने कोस्ट्युक का सामना करने से पहले शीर्ष 20 से बाहर रैंक वाले प्रतिद्वंदियों के खिलाफ अपने पिछले 17 मैच जीते थे। अन्य मैचों में, पूर्व विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना ने अमेरिकी पेयटन स्टर्न्स पर 6-2, 6-4 से जीत हासिल की, जबकि पिछले साल की विंबलडन और फ्रेंच ओपन उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी ने कैरोलिन गार्सिया को 6-3, 6-4 से हराया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ओन्स जाबेउर ने दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी चीन की किनवेन झेंग को 6-4, 6-2 से हराया।

# लीजेंड लीग पर आग बरसा रहा है शिखर का बल्ला

● रायपुर (छत्तीसगढ़),वार्ता

**भारत** के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन लीजेंड 90 लीग में बल्ले से आग बरसाते नजर आ रहे हैं।



उन्होने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। आठ से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे धवन ने लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जाते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट रिटायर्ड खिलाड़ियों को एक बार फिर उसी रोमांच को जीने का मौका दे रहा है, जो कभी उनका हिस्सा हुआ करता था। उन्होंने कहा कि, लीग को बहुत अच्छे तरीके आयोजित किया गया है। चाहे मैदान हो, विकेट हो, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो, सभी चीजें बहुत बढ़िया हैं, खासकर प्रशंसकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, वह देखने लायक है। 90 बॉल क्रिकेट का या फटाफट प्रारूप हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए एक अलग ही अनुभव है। हमने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जबरदस्त प्रेशर के साथ खेला है, लेकिन यहां हम खेल पर फोकस करने के साथ ही एंजॉय भी कर सकते हैं। शिखर ने कहा कि, इस लीग का क्रेज बहुत जबरदस्त है और मुझे पूरा यकीन है कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह दर्शकों से इसे भरपूर प्यार मिलने वाला है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)